श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 165, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 14 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# बारिश... बाढ़... से मचा हाहाकार

## दिल्ली में बाढ़ का कहर; बस-स्टैंड, इमारतें और सड़कें सब कुछ जलमग्न, दिल्ली, नोएडा में भी स्कूल हुए बंद

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली इन दिनों बाढ़ की चपेट में है। यमुना नदी के बढ़े जलस्तर के कारण निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। गुरुवार सुबह यमुना का जलस्तर 208.46 मीटर पर पहुंच गया। इस बीच, सरकार का कहना है कि हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

बाढ़ चलते जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सरकार और प्रशासन के स्तर पर लगातार आपातकालीन बैठकें हो रही हैं।

दिल्ली में बाढ़ से क्या हालात हैं? : राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। कुछ सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद वजीराबाद के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसके कारण यातायात प्रभावित हुआ है। रिंग रोड पर बाढ़ का पानी आने से आईएसबीटी, कश्मीरी गेट में हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और उत्तराखंड से आने-जाने वाली बसों का परिचालन प्रभावित हुआ है। स्थिति को देखते हुए वजीराबाद, चन्द्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद करने पड़ रहे हैं। हालात को देखते हुए सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल, कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

निगमबोध घाट के निचले घाटों को भी अंतिम क्रिया के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है। डीएमआरसी ने यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। हालांकि, इंटरचेंज सुविधा अभी भी उपलब्ध है और ब्लू लाइन पर सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया गया है। जिन आबादी वाले इलाकों में पानी भरा है, वहां से लोगों को दूसरी जगह भेजा जा रहा है। बाढ़ की स्थिति पर चर्चा के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक बुलाई है। सीएम अरविंद केजरीवाल आज सुबह वजीराबाद जल शोधन संयंत्र पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

दिल्ली में रविवार तक बंद रहेंगे कार्यालय, स्कूल, कॉलेज

नई दिल्ली। यमुना में जलस्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से पैदा हुए हालात के मद्देनजर दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने गुरुवार को नॉन एसेंशियल सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज को रविवार तक बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही निजी प्रतिष्ठानों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सैना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल सचिवालय में आयोजित डीडीएमए की बैठक में बाढ़ की स्थिति को लेकर चर्चा की। कश्मीरी गेट के आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को रविवार तक बंद करने के लिए कहा गया है। आईएसबीटी आने वाली बसें सिंघू बॉर्डर पर रुकेंगी और डीटीसी बसें वहां से लोगों को ले जाएंगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केरजरीवाल ने कहा कि यमुना में जलस्तर बढ़ने के बाद पैदा हुए हालात पर आज डीडीएमए की बैठक हुई। दिल्ली में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी को रविवार तक के लिए बंद किया जा रहा है। सभी नॉन एसेंशियल सरकारी दफ्तरों को वर्क फ्रॉम होम किया जा रहा है। प्राइवेट ऑफिस को भी वर्क फ्रॉम होम लागू करने की एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने से पानी की सप्लाई 25 प्रतिशत तक प्रभावित होगी। इसलिए पानी की राशनिंग की जाएगी। दिल्ली में जरूरी सेवाओं वाले बड़े वाहनों को ही आने की इजाजत दी जाएगी। सभी दिल्लीवासी धैर्य रखें, जल्द पानी का स्तर कम होगा और स्थिति सामान्य होगी। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सुबह 10 बजे यमुना का जलस्तर 208.53 मीटर पर पहुंच गया। इससे 45 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया।



**पंजाब के स्कूलों में 16 जुलाई तक छुट्टियां घोषित**


चंडीगढ़ः पंजाब सरकार ने राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों में 16 जुलाई तक छुट्टियां घोषित कर दी हैं। राज्य के कई जिले इस समय बाढ़ की चपेट में हैं। कई जिलों में सेना तथा एनडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। इससे पहले स्कूलों में पहले गुरुवार तक छुट्टी की गई थी। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने गुरुवार को प्रदेशभर से मिल रही जानकारी तथा मौसम की भविष्यवाणी को देखते हुए कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी, गैर सरकारी तथा एडिड स्कूलों में 16 जुलाई तक छुट्टियां रहेंगी। अब 17 जुलाई को सामान्य की तरह स्कूल खुलेंगे। इस बीच शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजाब के जिन स्कूलों में पानी भरा है, वहां से तुरंत प्रभाव से पानी निकालने का प्रबंध करके पानी निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

## हिमाचलः 60 हजार सैलानी सुरक्षित निकाले गएः सीएम सुक्खू



**शिमलाः बाढ़** प्रभावित कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति में फंसे पर्यटकों एवं अन्य लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार ने 60 घंटे के बचाव अभियान में 60 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। यह जानकारी गुरुवार को मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने दी है। उन्होंने कुल्लू एवं मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में कहा कि वह गत तीन दिन से कुल्लू, लाहौल-स्पीति तथा मंडी में प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर हैं। उन्होंने बताया कि कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति जिलों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 70 हजार पर्यटक एवं अन्य लोग फंसे थे। इनमें से 60 हजार लोगों की सुरक्षित निकाला जा जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस बचाव अभियान को एक हजार कर्मचारी एवं अधिकारियों ने दिनरात युद्धस्तर पर कार्य कर संभव बनाया। उन्होंने कहा कि इस विपदा में सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य लाहौल-स्पीति के चन्द्रताल में फंसे पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना था।

## दिल्ली में एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात



**नई दिल्ली। राष्ट्रीय** आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के डीआईजी मोहसिन शाहिदी ने गुरुवार को कहा कि एनडीआरएफ की टीमें बाढ़ प्रभावित राज्यों में राहत व बचाव कार्यों में जुटी हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राज्य में 12 एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई हैं। शाहिदी ने कहा कि दिल्ली में बीती रात से ही राहत व बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ अभी तक 2,500 लोगों को अलग-अलग इलाकों से सुरक्षित निकाल चुकी है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति के देखते हुए हिमाचल प्रदेश में 11 टीम तैनात की गई हैं जबकि बारिश होने की संभावना को देखते हुए हरिद्वार में 4 टीमों को तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कारण दिल्ली के तटीय इलाकों में जलभराव हो गया है।

## सीएम धामी ने किया लक्सर के जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण



**हरिद्वारः मुख्यमंत्री** ने गुरुवार को जनपद हरिद्वार की तहसील लक्सर के विभिन्न क्षेत्रों- लक्सर बजार मदारपुर, शाहपुर बस्ती, प्रहलादपुर, हस्तमौली में अतिवृष्टि एवं सोनाली नदी के कारण हुये जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का रेस्क्यू बोट एवं ट्रैक्टर में बैठकर स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावितों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना, राहत एवं बचाव कार्यों के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने लक्सर क्षेत्र में सोनाली एवं अन्य नदियों से होने वाले जल भराव की स्थिति के प्रभावी रोकथाम के लिये फ्लड मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रभावितों को रहने खाने एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पूर्ण उपलब्धता हो।जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द की जाए। जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

## भारत उभरती तकनीकों को अपनाने में अग्रणी देशः शाह



**गुरुग्रामः केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत जमीनी स्तर पर उभरती तकनीकों को अपनाने में अग्रणी देश है। शाह ने गुरुवार को "नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा" पहलुओं पर आयोजित जी-20 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। आज 840 मिलियन भारतीयों की ऑनलाइन मौजूदगी है, और 2025 तक और 400 मिलियन भारतीय डिजिटल दुनिया में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में इन्टरनेट कनेक्शन में 250 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और प्रति जीबी डाटा की लागत में 96 फीसदी कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत 500 मिलियन नए बैंक खाते खोले गए हैं और 330 मिलियन रुपे डेबिट कार्ड वितरित किए गए हैं।

## जयंत चौधरी को मनाने की भाजपा की कोशिश नाकाम

**लखनऊः जयंत** चौधरी को पटाने की भाजपा की कोशिशें नाकाम हो गई हैं और वे विपक्षी दलों की बेंगलुरु बैठक में हिस्सा लेने के लिए 17-18 जुलाई को कर्नाटक पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के बीच बढ़ती दूरियों के बीच भाजपा कोशिश कर रही थी कि छोटे चौधरी उसके पाले में आ जाएं और पार्टी के 'मिशन 80' को सफल बनाने में अपना योगदान दें। लेकिन फिलहाल छोटे चौधरी ने विपक्षी खेमे में ही रहने का निर्णय किया है।

## फ्रांसः पेरिस में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**पेरिसः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 13 जुलाई (गुरुवार) को अपने दो दिवसीय दौरे के तहत फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गए हैं। पीएम का विमान पेरिस के ओरली हवाई अड्डे पर उतर गया है। आपको बता दें कि भारतीय समयानुसार शाम के करीब 7:30 बजे पीएम मोदी सीनेट पहुंचेंगे। इस दौरान वह सीनेट के अध्यक्ष गेराड लार्चर से मुलाकात करेंगे।



पीएम एलिजाबेथ बोर्न ने किया पीएम मोदी का भव्य स्वागतः एयरपोर्ट पर फ्रांस की पीएम एलिजाबेथ बोर्न ने पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। वहीं, फ्रांस की सेना ने पीएम मोदी के सम्मान में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान फ्रांस की सेना ने पहले भारत के राष्ट्रगान का धुन बजाया। इसके बाद, फ्रांस के राष्ट्रगान का धुन बजाया गया।

भारतीय समुदाय ने लगाए 'भारत माता की जय' के नारेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस के होटल प्लाजा एथेनी पहुंचते ही होटल के बाहर भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग पीएम मोदी के स्वागत के लिए जमा हुए। हाथों में तिरंगा लेकर उन्होंने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए।

पीएम मोदी करेंगे फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ व्यापक चर्चाः बता दें कि फ्रांस के लिए रवाना होने से पहले, पीएम मोदी ने कहा था कि वह लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को आगे बढ़ाने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ व्यापक चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय पेरिस यात्रा के दौरान रक्षा और अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

क्या है पीएम मोदी का 14-15 जुलाई का कार्यक्रम?ः पीएम मोदी 14 जुलाई को पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### जयविलास पैलेस के म्यूजियम में पहुंचकर देखी संस्कृति और इतिहास से जुड़ी विभिन्न गैलरियां

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सर जीवाजी राव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन

**भोपाल। राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान सर स्व. जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे। जल संसाधन मंत्री एवं मिनिस्टर इन वेटिंग तुलसी सिलावट, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्रि-परिषद के अन्य सदस्यों एवं सांसद विवेक नारायण शेजवलकर आदि ने जयविलास पैलेस पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत किया।

ग्वालियर प्रवास के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु सबसे पहले जयविलास पैलेस पहुँचीं, जहां केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने पारम्परिक रीति-रिवाज से अगवानी की। राष्ट्रपति के आगमन पर आदिवासी लोक नृत्य, रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। म्यूजियम आगमन पर राष्ट्रपति मुर्मू का लोक एवं शास्त्रीय नर्तकों ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया।



राष्ट्रपति ने महाराजा जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए। राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री चौहान ने भी महाराजा जीवाजीराव सिंधिया को पुष्पांजलि दी। राष्ट्रपति ने म्यूजियम में संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ी विभिन्न गैलरियों को देखा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समृद्धशाली और गौरवशाली मराठा इतिहास के बारे में बताया। साथ ही मानचित्र के जरिये वर्ष 1758 में मराठा साम्राज्य के विस्तार की जानकारी दी।

## सीएम धामी ने हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर शीघ्र बनाने के दिए निर्देश

**देहरादूनः मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर बनाने की कार्रवाई को शीघ्र शुरू करने के निर्देश देते हुए कहा कि अक्टूबर 2026 तक सभी कार्य को पूरा किया जाए। इसके क्रियान्वयन के लिए बनाये जाने वाली कम्पनी के लिए भी शीघ्र मंत्रिमंडल में प्रस्ताव लाया जाए। गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के विभिन्न शहरों में नवीन टाउनशिप विकसित किये जाने के संबंध में बैठक ली। इस दौरान



मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर 2026 तक हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर का सम्पूर्ण को कार्य को पूरा करने के लिए सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में मैदानी क्षेत्रों में 05 और पर्वतीय क्षेत्रों में 03 टाउनशिप विकसित किये जाने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जाएं। गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र में एक-एक हिल स्टेशन विकसित किये जाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को भी शीघ्र अन्तिम रूप दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**मेजा।** प्रधानमंत्री जान औषधि केंद्र नैनी के तत्वावधान में क्षेत्र के निबैया में 15 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमें सभी प्रकार की बीमारियों का निःशुल्क एवं परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा।शिविर के आयोजक नारायण सेवा संस्थान के प्रबंधक विकास शुक्ला उर्फ विक्की शुक्ला ने देते हुए बताया कि शिविर एसपी पब्लिक स्कूल निबैया में प्रधानमंत्री भारती जन औषधि केंद्र के एमबीबीएस डॉ विनीत द्विवेदी द्वारा आगामी शनिवार को सुबह 9 बजे से निःशुल्क परीक्षण और इलाज किया जायेगा।

### फरार आरोपियों पर करछना पुलिस ने की कार्रवाई

**करछना।** थाना क्षेत्र हर्रई गांव निवासी आरोपित 226 / 2022 मुकदमे में किशन और बसंत पुत्र गण छक्कन ,कमलेश पुत्र शोभालाल काफी दिनों से फरार चल रहे हैं जिसके लिए पुलिस काफी दिनों से खोजबीन कर रही थी लेकिन पुलिस से बचते रहे न्यायालय के आदेश के बाद करछना पुलिस ने धारा 82 की कार्रवाई पुलिस ने बृहस्पतिवार को कर दिया उपनिरीक्षक आकाश राय ने बताया कि उक्त सभी 304 समेत कई धाराओं में आरोपित हैं उनकी तलाश की जा रही है।

# बाइक सवार 3 युवकों में एक की दर्दनाक मौत दो घायल

**सहसों।** हंडिया कोखराज हाईवे पर थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सामने मलाका से वापस घर लौट रहे युवकों भोपतपुर उसरा गांव निवासी मोहम्मद सोनू पुत्र सगीर, मोहम्मद अबरार पुत्र जग्गा तथा तारिक पुत्र इन्ना एक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह भोपतपुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि तेज गति से आ रही ट्रक ने साइड से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें मोहम्मद सोनू ट्रक के नीचे चला गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सोनू की उम्र लगभग 19 वर्ष है। बाइक पर सवार दो अन्य युवक मोहम्मद अबरार तथा तारिक टक्कर से नेशनल हाईवे के पटरी पर चले गए तथा वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना लगभग सायंकाल 6:30 बजे की है।

मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों को घायलों ने मोबाइल नंबर बताया जिस पर परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर रोते बिलखते पहुंचे परिजनों ने घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया तथा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनू पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। मोहम्मद सगीर छोटी सी सैलून की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। सोनू की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ।

**मृतक युवक के परिजनों का रो-रोकर हो रहा बुरा हाल, मृतक युवक सोनू पांच भाइयों में चौथे नंबर का था**



फाइल फोटो मृतक सोनू।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम



**सिरसा।** मेजा थाना अंतर्गत ग्राम सभा गौरा चौकठा औता निवासी राकेश मिश्रा का पुत्र विक्की मिश्रा मुबई गुजरात वापी में रहकर बिसलेरी बोतल पानी का कारोबार करता था। ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्की मिश्रा 11 जुलाई दिन मंगलवार को रोज की तरह प्लेटफार्म पर बिसलेरी पानी का बोतल लेकर बेचने जा रहा था। विक्की ट्रेन का ध्यान नही दिया और ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई ।जैसे ही सूचना परिजनों को मिला घर मे कोहराम मच गया। परिजन मुंबई पहुंच कर शव को दाह संस्कार के लिए घर से निकले हैं। पिता बहुत पहले खत्म हो चुके थे। विक्की दो भाइयों में सबसे बड़ा लड़का था। घर की सारी जिम्मेदारी विक्की पर था। घर का देखभाल विक्की ही करता था। कुल मिलाकर विक्की एक जिम्मेदार लड़का था। इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। और परिवार वालो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया हैं।

### सड़क दुघर्टना में पिता की मौत बेटा भी हुआ घायल

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के घोघवा गांव के सामने जारी की ओर से तेज रफ्तार बोलोरो ने बाइक पर पीछे से मारा जोरदार टक्कर जिसमें खपटिहा गांव के अशफीर्लाल उम्र 60 वर्ष उसका लड़का मंगला घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए एसआरएन हास्पिटल प्रयागराज ले गये जहां अशर्फीलाल को मृत घोषित कर शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया जिसका आज परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। बोलोरो सवार राकेश सिंह थाना क्षेत्र के ही खीरी गांव के रहने वाले है जो शहर से अपने घर आ रहे थे जहां ओवरटेक के चक्कर में यह भीषण हादसा घटित हो गया। मृतक अशर्फीलाल की चार पुत्रियां दो पुत्र हैं जिसमें तीन पुत्रियों की शादी हो चुकी है मृतक की पत्नी सीता और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र मंगला प्रसाद की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।



# तालाब पर अतिक्रमण से गांव में जलजमाव ग्रामीणों में आक्रोश, किया विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** फूलपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले सहसो विकासखंड क्षेत्र के एकडला गांव की है । पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अरविंद कुमार यादव ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्रामसभा के बीचोबीच जो बहुत पुराना 2 बीघे का लगभग तालाब है जिस पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है।जिससे गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि पहले पूरे गांव के बरसात का पानी उक्त तालाब में जाता था और बारिश का पानी तालाब में इकट्ठा होता था लेकिन अब तालाब पर पूरी तरीके से अतिक्रमण हो जाने के कारण बरसात का पानी सड़क पर और गांव में घुस रहा है। जिससे गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जाहिर किया। तालाब पर अतिक्रमण होने से गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। और गंदे पानी के वजह से बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है इसलिए ग्राम सभा में स्थित तालाब को कब्जा मुक्त कराया जाना अति आवश्यक है।

# एक सप्ताह से जल आपूर्ति ठप्प

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ब्लाक के लखनपुर पेयजल योजना के तहत हजारों की संख्या में घरों में पानी आपूर्ति की जाती है,लेकिन गत एक सप्ताह से पानी आपूर्ति बंद होने से लोगों को पीने के लिए पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।बता दें कि विसहिजन कला, बिसहिजन खुद, लखनपुर, मेजा रोड, जगेपुर, कोहटा, इत्यादि गांव में पानी की सप्लाई होती है।गत एक सप्ताह से मोटर जल जानें के कारण पानी की आपूर्ति बंद हुई है। जिससे लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि इस उमस भरी गर्मी के मौसम में सभी व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लखनपुर जल निगम ₹ की द्वारा कई गांवों को आपूर्ति किए जाने वाले पानी की सप्लाई 8 दिनों से ठप होने से जहाँ इस गर्मी के समय में लोगो का जीना मुश्किल हो गया है । पानी की समस्या से निपटने के लिए समाज सेवक मनीष कुमार द्विवेदी निवासी बिसहिजन कला ने बताया कि आज पानी की सप्लाई के लिए लखनपुर कार्यालय में जा कर देखा गया।वहां कोई भी नही रहता है। यहां पर गांव के ही एक व्यक्ति का संविदा पर पानी की देख रेख किया जाता है। यहां तैनात अवर अभियंता योजना से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन वह मौके पर नहीं मिले।उन्होंने बताया कि जगह जगह पाइप लाइन टूट गया है उस पर कोई कर्मचारी ध्यान नही कर रहा है। जिससे मेजारोड चौराहा पर पानी की समस्या बनी हुई है। यह भी बताते चलें कि जल निगम में दो मोटर लगी हुई है जिससे दर्जनों गांव में पानी की सप्लाई होती है। हर महीने मोटर खराब हो जाती है जिससे पानी की समस्या बनी रहती है। जल निगम के कर्मचारी/ अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोटर को जल्द से जल्द मरम्मत कर पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू किया जाए जिससे भविष्य में इस तरह की परेशानी का सामना करना ना पड़े।

# लखनपुर पंप कैनाल की 10 दिन से खराब है बिजली

## नहर में पानी न जाने से सूख रही धान की नर्सरी, किसानों ने किया प्रदर्शन, आकाशीय बिजली गिरने से जल गया है स्टार्टर व मीटर

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के लखनपुर गांव में स्थित लखनपुर पंप कैनाल की बिजली पिछले 10 दिनों से खराब है। जिससे नहर में पानी नहीं जा पा रहा है। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की लेकिन अभी तक खराब हुई बिजली को ठीक नहीं कराया जा सका है। जिससे पानी के अभाव में धान की नर्सरी भी सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। ज्ञातव्य हो कि 10 दिन पूर्व पंप कैनाल के पावर हाउस पर आकाशीय बिजली गिर जाने के कारण पंप कैनाल का स्टार्टर व मीटर खराब हो गया है। जिससे पंप नहीं चल पा रहा है और पानी के अभाव में किसान भटक रहे हैं। शिकायत के बाद भी खराब हुई बिजली को ठीक नहीं कराया जा रहा है। जिसके विरोध में स्थानीय किसानों ने पंप कैनाल के पावर हाउस पर पहुंचकर विरोध जताया है। किसानों का आरोप है कि एसडीओ अमित कुमार सिंह ने खुद पंप कैनाल का निरीक्षण कर चुके हैं। लेकिन अभी तक बिजली व्यवस्था को ठीक नहीं कराया जा सका है। जिससे जहां किसानों के धान की रोपाई पिछड़ रही है वहीं धान की नर्सरी भी सूखने के कगार पर हैं। गाढ़ा गांव के किसान रवि सिंह ने बताया कि पिछले 10 दिन से पंप कैनाल की बिजली खराब है। शिकायत के बाद भी अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। जिससे धान की नर्सरी पानी के अभाव में सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। इसी प्रकार किसान कमला शंकर सिंह ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से पंप कैनाल की बिजली खराब हो गई है। कई बार शिकायत के बाद भी ठीक नहीं कराया जा रहा है। जिससे धान रोपाई का कार्य पिछड़ रहा है। इस संदर्भ में लखनपुर पंप कैनाल के जेई राजेश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंप कैनाल की सीबीसी जल गई है। जिसे डायरेक्ट करने की बात चल रही है। आज शाम तक डायरेक्ट कराकर पंप कैनाल को चालू करा दिया जाएगा।



## न्यूज झरोखा

### श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं ने किया रसपान



**कौंधियारा।** श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन गुरुवार को पूज्य कथा व्यास किशोरी मनु प्रिया जी ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में अपने मुखारविंद से श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया ।उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। श्री भागवत कथा समारोह में मुख्य रूप से सुधाकर देव, कृपानाथ तिवारी ,मुरारी केसरवानी, शिवराम अग्रहरी, भगवती प्रसाद वर्मा राकेश अग्रहरि, लालजी श्रीवास्तव, शैलेंद्र गुप्ता, छोटे लाल मोदनवाल, प्रमोद केसरवानी ,भैया जी केसरवानी, रायसाहब जायसवाल, विमल पांडे, आदि अनेकों भक्तगण ग्रामवासी श्रद्धालु मौजूद रहे। शुक्रवार को हवन पूजन और भागवत कथा का समापन जिसमें सभी भक्तजनों से पधारने का आग्रह किया गया है।

### कांवरियों के लिए लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का कैम्प



**सहसों।** कांवरियों के लिए उनके स्वास्थ्य हेतु सहसों बाईपास पर गुरुवार से 3 दिन शिवरात्रि तक युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी एवं प्रयागराज फार्मासिस्ट वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बोलबम कांवरिया संघ शिव भक्तों के लिए स्वास्थ्य के प्रति कोई असुविधा न हो जिसको देखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवा वितरण कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कर कांवरियों की सेवा उपचार करते हुए निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने बताया कि शिव भक्त कांवरियों की इस लम्बी यात्रा को ध्यान में रखते हुए शिव भक्तों के लिए इस कैम्प में सभी प्रकार के इलाज के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण तथा निःशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा और यह कैंप गुरुवार से शुरू होकर 3 दिन शिवरात्रि तक चलता रहेगा। कांवरिया शिव भक्तों में फल, बिस्किट, जल, जूंस भी बितरित किया गया। कैम्प में विपिन केसरवानी फार्मासिस्ट संयुक्त सचिव पीपीडब्ल्यूएफ, डॉ राजीव साहा निदेशक सम्पा हॉस्पिटल सहसों, डॉ पी के पाल नेत्र चिकित्सक, डॉ अजीत सिंह मौर्या एवं डॉ उमेश कुमार नाक, कान, गला सहायक सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ बदमाश धराया



**मऊआइमा।** चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौडा कर पकड लिया। जामातलाशी में एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने लिखापढ़ी कर के उसे जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना के आन्तर्गत कंचन पुर मोड पर सब इंस्पेक्टर इंदल यादव हमराही पुलिसकर्मियों के साथ चेकिंग अभियान शुरू किए थे ।तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस को देख कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौडा कर पकड लिया। जामातलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। नाम पूछने पर उसने अपना नाम अमन शेख उर्फ अरमान उर्फ अरवीश पुत्र असफाक ग्राम मिश्रपुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़ बताया। पुलिस ने लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया।

### हर हर महादेव से गूंजा चनेथू गांव, किया प्रयागराज प्रस्थान



**जंघई।** सावन शिवरात्रि के अवसर प्रति वर्ष जलाभिषेक करने हेतु प्रत्येक गांव से लोग प्रयागराज से गंगा जल लेकर पद यात्रा करते हुए झूंसी, हंडिया, सैदाबाद, धनूपुर होते हुए कुंदौरा महादेव मंदिर में शिवरात्रि की मध्य रात्रि से भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं ।इसी क्रम में गुरुवार को चनेथू से दर्जनों शिव भक्त गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए गंगा जल एवं कांवर लेने हेतु प्रयागराज प्रस्थान किया ।14 तारीख को 7 बजकर 18 मिनट से त्रयोदशी तिथि का आरंभ होगा और 15 तारीख को रात को 8 बजकर 33 मिनट तक रहेगी इसी के मध्य शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन किया जाएगा। सुरेश प्रजापति, फूलचंद्र प्रजापति, प्रदूम प्रजापति, रमेश प्रजापति, राहुल, सूरज, विमलेश, सतीश, राजेश, नानक प्रजापति, किशन यादव, संजय, शेषधर, अमरनाथ, संदीप, ओम प्रकाश प्रजापति, प्रमोद मौर्या, आकाश मौर्या, सुशील यादव, मोहन मौर्य, रामकेश्वर मौर्या, सुनील कनौजिया, बंशराज आदि लोग प्रयागराज जल लेने रवाना हुए।

# ग्रामप्रधान विजौरा फुलही के लापरवाही से गलियों में भरा पानी ग्रामीण परेशान

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** गांव को विकास की बुलंदियों पर ले जाने के लिए ग्रामीण समस्याओं के लिए पंचायते गांव का विकास करती है और प्रधान उस गांव का मुखिया होता है जिसकी जिम्मेदारी होती है कि वह अपने गांव में सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचा सके तथा गांव को विकास की बुलंदियों पर ले जाए लेकिन जब ग्राम प्रधान ही चोर हो तो गांव का विकास कहां से हो सकता है। बता दें कि विकासखंड उरूवा के बिजौरा फूलही पाल बस्ती में गांव में ऐसी विकास की गंगा बही की समूचा गांव ही उसमें डुबकी लगा रहा है। गांव की सड़क पिछले कई सालों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही स्थिति यह है कि लोगों के घरों का दूषित पानी सड़क पर इस कदर भरा है कि दूषित पानी में लोग आस्था की डुबकी लगा रहे मावली बारिश में सड़क ताल तलैया हो जाती है सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान दशरथ निषाद के द्वारा नाली का निर्माण नहीं करवाया गया आधी अधूरी नाली को ऐसे ही छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नालियों के दूषित पानी से संक्रमण की आशंका बनी हुई है जिससे बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। गंदगी और बदबू के चलते लोगों का जीना मुहाल है बजबजाती ना लिया गांव के विकास की पोल खोल रही है ग्रामीण आज भी गांव के विकास की आस लगाए बैठे हैं। ग्रामप्रधान समाधान करवाने के लिए असहाय नजर आ रहे है।कस्बे की अधिकतर गलियां ऐसी है जिनमे पानी की निकासी की ब्यवस्था नही हैं।



# इलेक्ट्रानिक शॉप में सेंधमारी कर तीन लाख के सामान चोरी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** इलाके में बीती रात चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक शॉप के पीछे की दीवार काटकर नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। सुबह पता चलने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। करछना के कौवा बाजार में एक महीने के भीतर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। हैरानी की बात यह है कि इससे पहले हुई घटना में भी पुलिस एफआईआर तक ही सिमट कर रह गई थी। यमुनानगर के करछना थाना अंतर्गत कौवा गांव निवासी शैलेश कुमार पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल की कोहराड घाट मार्ग पर स्थित कौवा बाजार में एसके इलेक्ट्रॉनिक के नाम से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उनकी दुकान पिछले 3 दिन से बंद थी। 13 जुलाई को जब वह सुबह दुकान खोलने पहुंचे और दुकान का शटर उठाया तो देखा कि पीछे की दीवार में सेंधमारी की गई है। चोरों ने पीछे की दीवार में नकबजनी करके कैश बॉक्स में रखे ?15000 नगद के अलावा 32 इंच की एलईडी नई टीवी, 24 इंच की एलईडी टीवी 14 इंच की एलईडी, टीवी दो सीलिंग फैन, 3 टेबल फैन, इलेक्ट्रिक चूल्हा, 6 बंडल तार, माड्यूलर स्विच सॉकेट, इंडिकेटर समेत तकरीबन तीन लाख के सामान गायब थे। यह देख शैलेंद्र सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की उसके बाद हम से तहरीर लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। चोरी की घटना करछना क्षेत्र में आम बात हो गई है। कौवा बाजार में पिछले दिनों मोबाइल फोन की दुकान में लाखो की चोरी हुई थी, लेकिन आज तक घटना का खुलासा नहीं कर पाई। पुलिस पिछले दिनों जबरगंज बाजार में चोरी करते रंगेहाथों पकड़े जाने के बाद भी पुलिस उसे छोड़ देती है। ऐसे में पुलिस पर लोगों का पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष करछना नरेंद्र प्रसाद का कहना है कि मौके का निरीक्षण करने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चोरों का पता लगाया जा रहा है।



# करियर काउंसिलिंग : सही समय और सही सोच के साथ फैसला लेने की जरूरत

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** बच्चों में करियर को लेकर हमेशा उधेड़बन लगी रहती है। क्या करें और क्या नहीं। क्या हमारे हित में होगा। जैसे सवालों का जवाब समझाने के लिए राजा कमलाकर इंटर कालेज, शंकरगढ़ में बच्चोंकी काउंसिलिंग की गई। मंगलवार को कालेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में एसआर डीएस नेटवर्क के की टीम ने बच्चों को आगे बढ़ने और सफल होने के टिप्स दिए। काउंसिलिंग कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट एसआरडीएस नेटवर्क के निदेशक जीतेंद्र कुमार पांडेय ने बच्चों को सफलता प्राप्त करने के टिप्स तो दिए ही, साथ-साथ ही बदलते दौर में एक ही लीक पर चली आ रही परंपरागत पढ़ाई से हटकर कौशल विकास की तरफ भी ध्यान देने की सीख दी। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए रहने की आवश्यकता पर बल दिया। अन्य वक्ताओं में डा. सुग्रीव सिंह ने कहा, जीवन में सफलता के तीन कदम बहुत जरूरी हैं। सही सोच, सही दिशा व सही समय से करियर को नई ऊंचाई दी जा सकती है। बशर्ते इसके लिए बच्चों को पूरी ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का समापन सेवायोजन अधिकारी पंकज सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य डा. अनय प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर बृजेश पाल, अवधेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 96 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।





# जोन व सेक्टर की बैठकें कर 2024 की रणनीति बनाने में जुटे कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। अपना दल एस विधानसभा इकाई कोरांव के कार्यकर्ता जोन व सेक्टर की बैठके कर 2024 लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। जिसके क्रम में विधानसभा कोरांव के हाटा एवं खीरी जोन में विधानसभा अध्यक्ष फूलचंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में बैठकें आहूत की गई। सभी कार्यकताओं से सेक्टर व बूथ के पदाधिकारियों को मजबूत करते हुए 2024 के चुनाव में पुनः देश में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी की रीढ़ हुआ करते हैं। कार्यकर्ता क्षेत्र में अन्याय व शोषण के विरुद्ध गरीबों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का काम करें निश्चित तौर पर 2024 के चुनाव में पुनः एनडीए गठबंधन की जीत होगी। विधानसभा अध्यक्ष फूल चंद्र सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से बूथ एवं सेक्टर के अंतर्गत जो निष्क्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी हो उनके स्थान पर सक्रिय कार्यकताओं के चयन को लेकर रणनीति बनाई। उन्होंने कहा जो भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पार्टी के दिशा निदेर्शानुसार कार्य नहीं करेंगे उनके स्थान पर दूसरे पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की सूची भी जोन व सेक्टर के प्रभारियों से मांगी है। बैठक में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान पर भी चर्चा की गई और अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने पर बल दिया गया। बैठक में प्रमुख रुप से विजय भाई पटेल, राजकुमार कोल, राजित राम, कन्हैया लाल, चुन्नीलाल, कमलेश कुमार, मंगला प्रसाद, राकेश कुमार पाल, आदि लोग मौजूद रहे।



# व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

## वरिष्ठ व्यवसायी मुरलीधर केसरवानी के घर जाकर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल आज प्रतापगढ़ में आए। इस दौरान व्यापारियों की बैठक में समस्याओं को सुनने के बाद उनके निवारण के लिये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से बात करने का भरोसा दिया।

इस दौरान उनका स्वागत जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारियों व सम्मानित व्यापारियों ने माला पहना कर किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के चैक, बजाजा रोड, स्थित आवास पर कंछल ने व्यापारियों से उनके प्रमुख समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। व्यापारिक बैठक के उपरांत श्री कंछल के साथ सभी लोग उ. प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ के संगठन मंत्री दीपक केसरवानी के पिताश्री व व्यापार मण्डल के वरिष्ठ संरक्षक तथा संघ के नगर संघ-चालक और मंडी समिति एवं शिशु मंदिर के पूर्व प्रबंधक परम पूज्यनीय श्रद्धेय स्व. मुरलीधर केसरवानी का विगत तीन दिन पूर्व निधन होने पर उनके घर जाकर, उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर, शोकसभा कर उनके आत्मा की शान्ति व परिजनों को सहन शक्ति, संबल हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र कुमार केसरवानी, अभय खंडेलवाल, संजय सोनी, अशोक कुमार केसवानी, वंशीधर केसवानी, सुरेश चंद्र केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, सरदार कुलविंदर सिंह, पवन अग्रवाल, सरदार महेन्द्र प्रताप सिंह, विनय सिंह, मनीष केसरवानी गुंजन, अमित केसरवानी, संतोष प्रजापति, सरदार वसिंदर सिंह, मोहम्मद अख्तर राइन, प्रदीप यादव, शकील अख्तर, आशीष सिंह, राकेश शर्मा, दीपेश आदि अन्य अनेक लोग मौजूद रहे।


व्यापार मण्डल की बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल

## जिले में आठ सितम्बर तक निषेधाज्ञा लागूः अपर जिला मजिस्ट्रेट

**प्रतापगढ़।** श्रावण मास 04 जुलाई से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त को रक्षाबन्धन के दिन समाप्त होगा, श्रावण शिवरात्रि का मुख्य पर्व 16 जुलाई को मनाया जायेगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 21 अगस्त को नागपंचमी, 31 अगस्त को रक्षाबन्धन व 07 सितम्बर को जन्माष्टमी तथा दिनांक 29 जुलाई को मोहर्रम का त्योहार मनाया जायेगा। इस दौरान आईटीआई, पालीटेक्निक आदि विभिन्न परीक्षायें भी सम्पन्न होनी है। श्रावण मास व अन्य त्योहार पर विशेष सतकर्ता बरते जाने तथा परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित कराने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु अपर जिला मजिस्टेज्ट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद में 08 सितम्बर 2023 तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा।

# वृहद वृक्षारोपण के लिये मुख्यमंत्री ने नगर निकायों व अन्य विभागों को दिये टिप्स

## 22 जुलाई को होगा वृहद वृक्षारोपण, जिम्मेदारों को सीएम ने किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में नगर पालिका के अलावा सभी निकायों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य विभागों के लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण करने के लिये प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाये रखने के लिये सभी लोग वृहद रुप से वृक्षारोपण में जुडें. और फलदार व गायों को चारा उत्पन्न करने वाले वृक्ष लगाएं।

नगर पालिका के सभागार में अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सभी सभासद व कर्मचारी मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम से जुडे. थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने आगामी 22 जुलाई व 15 अगस्त को वृहद वृक्षारोपण करने का आहवान किया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका के 3576 वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अपने एक घंटे के इस सम्पर्क अभियान में मुख्यमंत्री के प्रदेष के कुछ जिलों के लोगों से बात भी की। मुख्यमंत्री द्वारा हर जिले में बैठे जिम्मेदार लोगों को प्रोत्साहित किया गया तथा वृक्षारोपण का रिकार्ड बनाने की प्रेरणा दी गई।


नगर पालिका सभागार में मुख्यमंत्री की बात को सुनते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

## आवेदक 22 जुलाई तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी राम करन दूबे ने बताया है कि मिट्टी से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री माटीकला टूल किट्स योजना संचालित की जा रही है। माटीकला को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत जनपद को 50 अदद निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 18 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के अभ्यर्थी/कारीगर निःशुल्क इलेक्ट्रानिक चाक हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता एवं चाक चलाते हुये फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 22 जुलाई 2023 तक है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 119, सिविल लाइन प्रतापगढ़ से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# जीएसटी टीम के आने से बाजार में मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीवानगंज बाजार में कर चोरी के मामले को लेकर दुकानदार के यहां जीएसटी अधिकारियों ने छापा मारा। दो टीमों से पहुंचे करीब आधा दर्जन अधिकारियों ने दोनों दुकानों से जरूरी कागजात कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की, इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कंधई थाने की फोर्स मौजूद रही। कंधई थाना क्षेत्र के दीवानगंज बाजार में पट्टी प्रतापगढ़ रोड पर सरिया की दुकान है, जिनके यहां से प्रतापगढ़ सहित आसपास के कई जिलों में माल सप्लाई होता है। आरोप है कि दुकानदार द्वारा लंबे समय से कागजातों में हेराफेरी कर जीएसटी चोरी की जाती रही जिसकी जानकारी अधिकारियों को होती रही। बुधवार को करीब 2 बजे लखनऊ तथा प्रयागराज से आई टीमों के करीब आधा दर्जन अधिकारियों ने एक साथ दोनों दुकानों पर छापा मारा। छापे के दौरान दोनों दुकानों से जीएसटी चोरी कर खरीदी गई सरिया की रसीदों को अपने कब्जे में लेते हुए जरूरी अभिलेख खंगाले। शाम 5.30 बजे तक छापे की कार्रवाई चलती रही जिसे लेकर लोगों में कौतूहल बना रहा। दीवानगंज चौकी इंचार्ज महेश जायसवाल ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने छापा मारने के पूर्व स्थानीय पुलिस को सूचना दी थी जिस पर थाना की पुलिस ने अधिकारियों की सुरक्षा तथा दुकानों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था। फिलहाल छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार, दी गई जागरूकता

## फीनिक्स हॉस्पिटल व ट्रामा सेंटर ने लगाया शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार मे गुरूवार को फीनिक्स हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे आए मरीजों को चिकित्सीय परामर्श व निःशुल्क दवाइयां वितरित की गयी।

शिविर का शुभारंभ भगवती प्रसाद तिवारी ,ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आए चिकित्सको ने दर्जनों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी। शिविर के विशेषज्ञों ने लोगो को मौसमी बीमारियो व मानवजनित रोगो के लक्षण व उनके बचाव के उपाय बताए।चिकित्सा शिविर के संयोजक फीनिक्स हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेण्टर के वरिष्ठ फीजिशियन डा0 विवेक पाण्डेय ने मौसमी बीमारियों के साथ मानवजनित रोगों के लक्षणों व बचाव पर विस्तृत प्रकाश डाला। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुधा सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. मो. इरशाद, डा. संतोष कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. औसाफ खॉन ने आये हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का समापन एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दुबे ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. अमित सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, विमलेश सिंह, विद्युत मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवेन्द्र सिह, प्रधान राजू यादव, रामकिंकर, सुधाकर पाण्डेय, पप्पू तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, शिवराम यादव आदि रहे।


स्वास्थ्य शिविर में जांच करते चिकित्सक।

## अज्ञात चालक पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक वृद्ध को घायल करने की घटना पर आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी रविप्रकाश यादव पुत्र राय बहादुर यादव के अनुसार बीती छः जुलाई की शाम लगभग साढे सात बजे उसके पिता बाइक से लालगंज आ रहे थे। कटरा बलीपुर के पास अज्ञात डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले की जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ तीव्र गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वृद्ध को घायल करने का मुकदमा दर्ज किया है।

## संस्कृत विद्यालय के अभिलेख उठा ले गये चोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज के पूरे नोती स्थित संस्कृत विद्यालय के कार्यालय का ताला तोडकर अज्ञात चोर स्कूल के महत्वपूर्ण अभिलेख चुरा ले गये। मामले को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने गुरूवार को अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के अर्न्तगत परांकुश संस्कृत माध्यमिक विद्यालय पूरे नोती के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह जुलाई की रात अज्ञात चोर कार्यालय का ताला तोडकर आलमारी मे रखा विद्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों को चुरा ले गये। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मृतक के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधिमण्डल, दिया आष्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पिछले 10 जुलाई 2023 को विक्रमपुर मोड़ के पास गैस टैंकर व आटो के भिड़ंत से दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मृतक के घर आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पंहुचा।

समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मृतक परिवारजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विधायक रामसिंह पटेल, विधायक डा.आरके वर्मा, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, भईयाराम पटेल, विधानसभा अध्यक्ष अहमद अली, वासिक खान, मो. असलम, जिलापंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, साबिर अली, आर.एल.चतुर्वेदी, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।


मृतक के परिजनों से मिलते सपा के प्रतिनिधिमण्डल।

# नगर पंचायत रामगंज में डस्टबिन लगाने का काम हुआ पूरा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रामगंज नगर पंचायत में विकास कार्य जोरों पर है। नवसृजित रामगंज नगर पंचायत के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष राकेश सिंह नगर के विकास की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। वह बढ़-चढ़कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। वह विकास के लिए पूरी तरीके से समर्पित है। गुरुवार को सभी वार्डों में डस्टबिन लगाने का काम पूरा करते हुए फिर से नगर के विकास का संकल्प उन्होंने दोहराया। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि रामगंज के सभी 13 वार्डों में डस्टबिन लगाने का काम किया गया है। सुंदर, स्वच्छ तथा हरा-भरा नगर बनाने से जहां एक सकारात्मक वातावरण का विकास होगा वही सरकार की आकांक्षाएं भी फलीभूत होंगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य निरंतर जारी है। इसके पहले नालों की सफाई हो चुकी है लोगों की कई समस्याओ का निस्तारण किया गया है। बचे हुए विकास कार्य किए जा रहे हैं।


नगर पंचायत रामगंज में लगा डस्टबिन।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, चार पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने जमीनी विवाद मे हुई मारपीट की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानान्तर्गत रमधनियापुर कुम्भीआइमा निवासी रामदेव मिश्र पुत्र रामबहोर मिश्र ने गुरूवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार की सुबह करीब छः बजे वह अपनी जमीन पर दीवार बना रहा था। इसी बीच गांव के कन्धई अपने पुत्र सोनू, राजकुमार तथा लवकुश उर्फ संतोष पुत्र जयकिशन निवासी कुसौली के साथ दरवाजे पर आ पहुंचे। आरोपीगण गाली देते हुए पीडित की पत्नी को मारपीट पर आमदा हो गये। वह घर के अंदर भागी तो आरोपीगण घर मे घुस आये और लाठी डण्डे से उसे मारापीटा। इसके बाद आरोपियों ने पीडित की दीवार भी गिरा दी। मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण मास को लेकर पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। गुरूवार को भी यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर बाबा से आशीर्वाद मांगा। बड़ी संख्या में परिवार के साथ भी पहुंचे लोगों ने मंदिर के गर्भगृह की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना किया। मंदिर गर्भगृह के बाहर शिवभक्त रूद्राभिषेक व अनुष्ठान, हवन भी करते दिखे। दर्शन पूजन के बाद शिवभक्त धाम परिसर में आयोजित मेले का भी आनन्द उठाते नजर आये। महिलाएं श्रृंगार की वस्तुएं की खरीददारी में मशगूल दिखीं तो वहीं बच्चे झूले का लुफ्त उठाते नजर आये। शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद दिखी।

# विद्यालय की जमीन पर कब्जेदारों ने किया अवैध कब्जा

## नीम का विशालकाय हरा पेड़ भी कब्जेदारों ने काटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तीन बार पैमाइश के बाद भी सदर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर की 5 बिस्वा जमीन एवं उससे सटे चकरोड से अभी भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है। आज नीम का प्रतिबंधित विशालकाय हरा पेड़ भी कब्जेदारों द्वारा काट दिया गया। प्रशासन की लापरवाही के चलते कब्जेदार अब भी विद्यालय की जमीन एवं उससे सटे चक मार्ग की जमीन पर अवैध कब्जा कर खेती कर रहे हैं।

प्रधानाध्यापिका प्राची पांडे ने विभागीय अधिकारियों के साथ ही उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को कई बार प्रार्थना पत्र देकर जमीन की पैमाइश कराने एवं कब्जा हटाने का निवेदन किया। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम बनाकर विद्यालय की जमीन व उससे सटे चक मार्ग की पैमाइश कराई गई और कब्जेदारों को कब्जा छोड़ने के लिए कहा गया। अपने को फंसता देख कब्जेदारों ने तत्काल तो हामी भर दी किंतु टीम के जाने के बाद कब्जा नहीं हटाया।

कब्जेदारों से कब्जा खाली कराने की बजाय बची विद्यालय की जमीन पर मिट्टी डालकर आम रास्ता बना दिया गया। जिससे कब्जेदार अब यह कहने लगे कि यही चक मार्ग एवं आम रास्ता मान लिया जाए। चारदीवारी न होने से बिजली विभाग ने विद्यालय की जमीन पर मिट्टी डालकर बने रास्ते पर विद्यालय की तरफ खंभा गाड़ दिया। अभी तक कब्जेदारों द्वारा चकरोड एवं विद्यालय की जमीन कब्जा कर उस पर खेती ही की जाती रही किंतु एक व्यक्ति ने तो विद्यालय की जमीन पर अवैध पक्का निर्माण भी शुरू कर दिया। प्रधानाध्यापिका के विरोध व प्रशासनिक शिकायत पर किसी तरह काम बंद हुआ। कब्जेदारों ने आज तो हद ही पार कर दी। विद्यालय का एक विशालकाय प्रतिबंधित नीम का हरा पेड़ काट दिया गया। प्रधानाध्यापिका आज जब सुबह विद्यालय पहुंची तो नीम का बड़ा पेड़ काटकर उसकी टहनियां इकट्ठा कर उठा ले जाने की तैयारी चल रही थी। प्रधानाध्यापिका ने खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के अलावा फॉरेस्ट रेंजर आशीष सिंह एवं कोतवाली पुलिस को भी दूरभाष पर प्रकरण की जानकारी दी और बाद में कोतवाली जाकर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र भी दिया। ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय की जमीन से मिट्टी डालकर बनाए गए रास्ते की मिट्टी बह जाने से अब लोग विद्यालय के मध्य से ट्रैक्टर आदि वाहन अपने खेतों की ओर ले जा रहे हैं जिससे कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## किन्नरों से हुई मारपीट के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर रेलवे फाटक के निकट निवासी अमित कुमार पुत्र रत्नाकर के घर पर बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे भाई अतुल कुमार की शादी पिछ्ले माह 12 जून 23 को सम्पन होने पर घर मे आई वधू को आशीर्वाद देने मानिकपुर के किन्नर दत्तक पुत्र ताज पप्पू व पत्नी हसीना व सानिया के साथ दो अन्य किन्नर घर पहुँचे जंहा बधाई गीत व आशीर्वाद देने के बाद अपनी बोलेरो गाडी से जाने की तैयारी कर रहे थे कि अचानक मानिकपुर थाना क्षेत्र के पनिगो निवासी नन्हे यादव उर्फ. रेखा( नौटंकी मे नाचने वाला) अपने 15-20 लोगो के साथ अचानक मानिकपुर के किन्नरो पर हमला बोल दिया और वाहन के शीशे आदि तोड़ डाले जिसमे दोनो पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये कि बाकी अन्य मामूली रूप से चोट हिल हो गये थे। घटना के बाद मानिकपुर निवासी सानिया किन्नर ने नवाबगंज पुलिस को घटना की तहरीर दिया जिसमे नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने मानिकपुर निवासी सानिया (किन्नर) की तहरीर पर पनिगो थाना मानिकपुर निवासी नन्हे यादव उर्फ. रेखा( नौटंकी मे नाचने वाला),घनश्याम यादव उर्फ. गुनी पुत्र स्व0 प्रभु यादव व अंकित सरोज उर्फ. सोनू के खिलाफ धारा 323 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया और शुक्रवार को मेडिकल के लिए दत्तक पुत्र ताज पप्पू हसीना व सानिया को पुलिस के साथ जिला अस्पताल भेजा।

## नियमानुसार ही वाहन चलने को दी जाएगी अनुमतिः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ टेम्पो सीज किये जाने को लेकर आज टेम्पो चालक पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपनी रोजी-रोटी चलाने की मिन्नत की लेकिन पुलिस ने उन्हें वाहनो का संचालन नियमानुसार करते हुए सख्त निर्देष देते हुए कहा कि नियमानुसार संचालन से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही होगी। बता दें कि पुलिस ने सैकड़ों टेम्पो विगत दो दिनों में सीज किया है जिससे अब शहर में टेम्पो का चलन कम हो गया है। पुलिस ने जिनका चालान काटा है, उन्हें उनका जुमार्ना अदा करना होगा तभी उनके वाहन छूटेंगे। टेम्पो के न चलने से शहरवासियों को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है। बता दें कि लीलापुर में गैस टैंकर व टेम्पो की भिड़त में 12 लोगों की मौत होने के बाद पुलिस ने ताबड़तोड़ टेम्पो वाहनों का चालान किया था। वाहनों के सीज होने से अब टेम्पो चालक परेषान हैं। उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

संपादकीय

## वपक्ष का काफिया तंग. कारण दो दबंग

नीतीश कुमार के हाथ से विपक्षी एकता की लगाम अपने हाथ में ले चुकेए पांच मुकदमों में साढ़े बत्तीस साल की सजा पाकर भी कानूनी दांवपेंच के सहारे उन्मुक्त घूमकर राजनीति कर रहेएपहले दबंग राजनीतिबाज लालू यादव जो हर सजा से पहले रांची के आरएचआईएमएस में भर्ती हो कर जमानत पा लिया करते थे और वर्तमान में भी मेडीकल ग्राउंड्स पर रेलवे भर्ती काण्ड में जमानत पाकरष्सेहतष बना रहे हैंए ने पटना में हुयी विपक्षी दलों की बैठक में गर्वोक्ति करके सनसनी पैदा कर दी किए ष्हम फिट एंड फाइन हूं और अब मोदी को फिट करना हैष।उसके बाद 5 जुलाई को लालू ने पटना में ही फिरसे चेलेंज किया है कि हम मुकदमों से नहीं डरतेए मोदी को 2024 में उखाड़ फेंकेंगे।

सही बात हैए उन्हें मुकदमों से डर क्यों लगेगाए ष्जब अदालतें मेहरबान तो लालू पहलवानष ही रहेंगे। उन्हें पता है सरकार कितने ही मुकदमे चला लेए सजा तो होनी नहीं हैएइसलिए राजनीति पूरी करेंगे ।लालू के साथ पांच मुकदमों में अनेक लोगों को सजा हुई और वे सभी सजा भुगत रहे हैं ।स्मरणीय है कि झारखंड हाई कोर्ट में लालू की सभी सजाओं के खिलाफ पांच अपील लंबित हैं और पहली अपील दिसंबरए 2013 में दायर होने के बाद अभी तक 5 चीफ जस्टिस हाई कोर्ट में कार्यरत रहे हैंए वर्तमान चीफ जस्टिस छठे हैं। बाकी पांच में से दो सुप्रीम कोर्ट जाकर रिटायर हो चुके हैं और तीन हाई कोर्ट से ही रिटायर हो चुके हैं मगर मजाल है कि एक भी अपील पर फैसला हो जाय ।उल्लेखनीय तो यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट में भी सीबीआई की लालू की दो जमानत रद्द करने की अपीलें लंबित हैं और अभी आगे भी अनिश्चितकालीन लंबित रखने के आदेश दिए जा चुके हैं।

विपक्षी दलों की एकता में सबसे बड़ा रोड़ा कौन हैघ् अगर इस पर विचार किया जाय तो पहला नाम जो जहन में उभरता है वह राहुल गांधी ही हैं जो अपनी जिदोंए बिना तोले बोलने और नादानियों से समय.समय पर विपक्षी एकता के सामने ष्ब्रेकरष खड़े करते रहते हैं ।क्या राहुल की कर्कश भाषाए आरोप दर आरोप के भाषणए उम्र में और पद में अपने से बड़े प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणियां हीए विपक्षी एकता में राहुल के खिलाफ जा रही हैंघ् किसी भी पद पर न होने के बावजूद कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में राहुल का ष्प्रक्षेपणष्देश की विपक्षी पार्टियों को पसंद नहीं आ रहा हैघ्यदि ऐसा नहीं है तो पिछले वर्षों में देश के एक भी नेता ने क्यों नहीं कहा कि 2024 में विपक्ष की बागडोर राहुल के हाथों में सौंप दी जाए ।विपक्षी एकता के नाम पर क्या राहुल गांधी ष्मान न मान मैं तेरा मेहमानष्बनते जा रहे हैंघ् तभी विपक्ष बिना पीएम चेहरा चौबीस के चुनाव में जाने की बात कर रहा है।

इन दिनों महाराष्ट्र के राजनैतिक हालात काफी दिलचस्प हो गए हैं। स्मरणीय है कि बाल ठाकरे के समय से इस राज्य में शिवसेना ही समान विचारवादी भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी हुआ करती थी। पिछला विधानसभा चुनाव भी भाजपा और शिवसेना ने मिलकर लड़ा था लेकिन संजय राऊत ने उद्धव ठाकरे की राजनैतिक शून्यता का लाभ उठाते हुए पहले ढाई साल सीएम पद पाने की शर्त रख दी। भाजपा के पास यूपी का अनुभव था जब पार्टी ने ढाई ढाई साल का प्रयोग मायावती के साथ कर मायावती को पहले मुख्यमंत्री बना दिया था लेकिन ढाई साल बीतने पर जब भाजपा की बारी आई तो मायावती ने कुर्सी छोड़ने से इंकार कर दिया थाए इसलिए भाजपा राजी नहीं हुयी ।संजय राऊत की ष्ओवर स्मार्टनेसष का शिकार उद्धव हुए और कांग्रेसए एनसीपी के जाल में फंसकर शिंदे के हाथों सत्ता और पार्टी दोनों ही गंवा बैठे।

महाराष्ट्र के बाद अधिकाँश विपक्षी दलों में बिखराव के संकेत हैं जो दल अलग होंगेए वे सामान्यतया एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं ।ऐसा प्राय: होता ही आया है वर्तमान राजनीति में ।जब भी कुछ दल सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास करते हैंए तब उनमें आंतरिक विभाजन हो ही जाता है ।महाराष्ट्र में अजित पवार ने सनसनीखेज पहलकरए विपक्षी एकता के आसमान में उड़ रहेएशरद पवार को जमीन पर खड़ा कर दिया है ।शायद वह दिन दूर नहीं जब पूरी शिवसेना एकनाथ शिंदे के बैनर तले होगी और पूरी एनसीपी अजित पवार के साथ।

प्रत्येक व्यक्तिगत पार्टी की तरह लालूए नीतीशए केजरीवालए केसीआरए अखिलेश और मायावती भी शरद पवार की तरह अपनी अपनी पार्टियों को अपनी जागीर समझने की भूल कर रहे हैं। उधरए केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादियों से कांग्रेस तो पहले ही छत्तीस का आंकड़ा रखती है। अब मुस्लिम लीग ने भी माकपा द्वारा यूसीसी पर बुलाई बैठक का बहिष्कार कर भांग में धतूरा डाल दिया है।

ऐसा नहीं है कि विपक्षी दल ही साथ आने की कोशिश में लगे हैंए परिवार एनडीए का भी जुड़ने लगा है ।पिछले लोकसभा चुनाव के बाद जो दल एक एक कर भाजपा से छिटक गए थेए उनकी वापसी भी एक एक कर होने की पूरी सम्भावना बन रही है ।सुखवीर बादल और उनकी पत्नी अपनी शाम वाली विदेशी फ्लाइट रद्दकर जिस तरह एकाएक प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे थेए वह काफी कुछ साफ करने वाला है। पूरी संभावना है कि अकाली दल शीघ्र ही एनडीए का हिस्सा बनेगा और पूर्व की भांति भाजपा से गठजोड़ कर पंजाब में चुनाव लड़ेगा ।आंध्र में चंद्रबाबू नायडू ने एक बार फिर भाजपा से बात की शुरूआत की है। जगन मोहन रेड्डी पहले से ही मोदी से नजदीकी संबंध बनाए हुए हैं। जीतनराम माझी और ओमप्रकाश राजभर एनडीए में आने की जुगत बैठा ही रहे हैं। बिहार में चिराग पासवान की लोजपा की एनडीए में वापसी किसी भी समय संभव है। नीतीश का कमजोर होता जेडीयूकभी भी दोफाड़ हो सकता है।

स्पष्ट है कि विरोधी दलों का महागठबंधन बने न बनेए भाजपा का एनडीए सशक्त होने वाला है। एनडीए में मोदी के पीएम पद को लेकर कोई विवाद नहीं है तो मोदी के सशक्त व्यक्तित्व को हराना उतना आसान नहीं होगा जितना नीतीशए ममताएकेजरीवाल या लालू समझ रहे हैं। जहां तक राहुल गांधी का सवाल हैए वे खुद मतिभ्रम में हैं। वे कभी मैकेनिक की दुकान खोलते हैं तो कभी मुहब्बत की दुकान। कभी ट्रक में सफर करते हैं तो कभी धान की रोपाई करने लगते हैं।

खैर यह तो तय है कि विपक्षी एकता में कोई न कोई बाधा आती रहेगी। बंगलुरू बैठक में यह तय करना है कि राज्यवार किस सीट पर कौन लड़ेगा। क्या राज्यों में सीट बटवारा होना आसान हैघ् वोटों का बटवारा रोकने के लिए क्या कांग्रेस कई राज्य छोड़ सकती हैघ् क्या अखिलेश यूपी में कांग्रेस से सीटें बांट लेंगेघ् सबसे ज्यादा मुसीबत बंगाल में होगीए जहां ममता कांग्रेस को एक भी लोकसभा सीट देने के मूड में नहीं है। यहभी ध्यान में रखना होगा कि पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के लिए कितनी सीटें छोड़ सकती हैघ् तेलंगानाएदिल्लीएबिहार और महाराष्ट्र में तालमेल का क्या होगा जहां के विपक्षी पार्टी प्रमुख खुद पीएम पद के दावेदार हैंघ् सभी जगह तालमेल के लिए विपक्ष को जूझना होगा।

# कहाँ खो रहा है बचपन

**डॉण नीरज भारद्वाज**

बचपन वह अवस्था है जिसमें बच्चा सुख.दुखए लाभ.हानिए जय.पराजय से दूर अपनी ही दुनिया में रहता है। उसका अपना कल्पना का संसार होता है। उसमें वह किसी को नहीं आने देना चाहता है लेकिन हम उसमें सेंध लगाते हैं। किसी भी बात को जल्दी भूल जाना बचपन की सुंदरता है। एक बात को छोड़ दूसरी बातों में लग जाना बचपन की आदत होती है। वास्तव में जो बच्चों से प्यार से बात करेंए वह उसी के साथ खेलना.बोलना शुरू कर देता है। बच्चे के सजल नयन आपको अपनी ओर आकर्षित करते हैंए उसका भोलापन आपको कुछ कहता हैए उसकी चंचलता मन को मोह लेती हैए उसकी शरारत कभी प्रेम तो कभी क्रोध उत्पन्न करती हैए उसकी जिज्ञासा और प्रश्न बार.बार सोचने पर मजबूर करते हैं। बचपन वास्तव में सच्चा जीवन हैए उसके बाद तो मानो जोड़.तोड़ और आंकड़ों का खेल शुरू हो जाता है।



महानगरीय जीवन में बच्चों का बचपन कहीं खो गया ऐसा लगने लगा है। फ्लैट कल्चर के इस युग ने पड़ोस कल्चर को निगल लिया है। फ्लैट के बंद कमरें बच्चों के कितने ही खेल खा गएए इसका अंदाजा हमें शायद नहीं है। पड़ोस में बच्चों का झुंड इकट्ठा होना छुपम.छुपाई खेलना और किसी के घर में बिना संकोच छुप जानाए बच्चा अपना अधिकार समझता था। पूरी गली अपना घर होती थी। गली क्रिकेट होए लंगड़ी टांग की दौड़ होए गैलरी का खेल होए मिट्टी का घर बनाना हो या अन्य खेल। सभी कुछ समाप्त सा दिखाई देता है। वर्षा के दिनों में एक साथ बच्चों का शोर मचाते हुए नहानाए कागज की नाव बनाकर बहानाए सभी कुछ धूमिल सा नजर आ रहा है। अब हर एक चीज के लिए माता.पिता बच्चों को ट्रेनिंग देते नजर आ रहे हैं। गाँव में तालाब या पोखर में एक साथ नहानाए पेड़ पर चढ़कर जामुन खाना सामान्य सी बात थी लेकिन अब हर चीज बच्चे की समय सारणी के साथ बांध दी गई हैं।

बचपन के दृष्टिकोण से महानगर कैदखाने से नजर आने लगे हैं। खिड़कियों से झांकते बच्चे वर्षा को देख रहे होते हैंए उसे महसूस नहीं कर पाते हैं। न तो छत अपनीए न सड़क पर जा सकते हैं। अपना जीवन जीने के चक्कर में माता.पिता बच्चों के जीवन को और उनके बचपन को खतरे में डाल रहे हैं। छोटे.छोटे कोमल बच्चे रियलिटी शोज में अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। हमें अच्छा लगता हैए लेकिन उसके पीछे उसका बचपन कहाँ खो गयाए इसको कोई नहीं जानना चाहता। इससे अलग बच्चों पर प्रतियोगिता परीक्षाओं का इतना बोझ डाल दिया गया है कि बच्चा स्कूल से भी नॉन अटेंडिंग होकर पढ़ रहा होता है। अब तो बच्चा बचपन के खेल तो दूरए बचपन की स्कूली शिक्षा से भी दूर हो गया है। यदि बचपन में कुछ बचा.कुचा था तो उसे मोबाइल और टीवी निगल गया है। बच्चे घर से बाहर कम खेलते हैंए मोबाइल गेम अधिक खेलते हैं। यह बच्चों के स्वास्थ्यए ज्ञानए मनोविज्ञान सभी के लिए हानिकारक है।

माता.पिता की बच्चों को कुछ बनाने की चाह कहें या जिद कहेंए उसके आगे बच्चे का बचपन समाप्त हो रहा है। बच्चे बचपन के खेलों के साथ.साथ तीज.त्यौहारए व्रतए कथाए कहानियों को भी भूल रहे हैं। हम क्या बनाना चाह रहे हैं और बन क्या रहा हैघ् इसके बारे में भी तो सोचना होगा। वृक्ष कितना ही ऊंचा उठ जाए लेकिन उसकी पत्तियों का मुख हमेशा पृथ्वी की ओर ही होता है। आप ऊंचा उठेए लेकिन अपनी मिट्टी से जुड़े रहे तो ही अच्छा होगा। इसे विज्ञान के दृष्टिकोण से समझो या दर्शन केए बात सत्य ही है।

मित्रोंए बचपन ही नहीं जीवन का बीता हुआ कोई भी क्षण वापस आने वाला नहीं है। बस उसे समझने और आने वाले पीढ़ियों को बताने की जरूरत है। बच्चे के बचपन को अपने सपने साकार करने में मत लगाओए बच्चों को बच्चा ही बना रहने दोए वह तभी अच्छे लगते हैं।

# स्वच्छ भारत के दावों की पोल खोलती डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

**अशोक भाटिया**

मोदी सरकार ने श्स्वच्छ भारतश अभियान के तहत 2019 में ही भारत को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था लेकिन डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ की एक नई रिपोर्ट कुछ और ही कहानी बता रही है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ ने हाल ही में पानी की सप्लाई और स्वच्छता पर अपने जॉइंट मॉनिटरिंग प्रोग्राम की ताजा रिपोर्ट जारी की है जो 2022 तक इन मोर्चों पर अलग अलग देशों द्वारा दर्ज की गई तरक्की के बारे में विस्तार से बताती है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में ग्रामीण भारत में 17 प्रतिशत लोग अभी भी खुले में शौच कर रहे थे। भारत की कुल आबादी करीब 1।40 अरब है जिसमें करीब 65 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं ।तो इस रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 15 करोड़ लोग आज भी खुले में शौच करते हैं। इतना ही नहींए रिपोर्ट ने यह भी दावा किया है कि ग्रामीण भारत में करीब 25 प्रतिशत परिवारों के पास अपना अलग शौचालय भी नहीं है। यह भी ओडीएफ घोषित किये जाने के मुख्य लक्ष्यों में से था ।जुलाई 2021 में इन दोनों संस्थाओं ने कहा था कि तब ग्रामीण भारत में खुले में शौच करने वालों की संख्या 22 प्रतिशत थी यानी एक साल में समस्या पांच प्रतिशत और कम हुई है। 2015 में यह संख्या 41 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट यह तो दिखा रही है कि भारत ने खुले में शौच से लड़ाई में लगातार तरक्की हासिल की है लेकिन साथ ही रिपोर्ट ने पूरी तरह खुले में शौच से मुक्ति के सरकार के दावों पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। भारत सरकार के ओडीएफ लक्ष्योंए परिभाषा और दावों को लेकर शुरू से विवाद रहा है। सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ की परिभाषा है . खुले में मल नजर ना आना और हर घर और सार्वजनिक संस्थान द्वारा मल के निस्तारण के लिए सुरक्षित तकनीकी विकल्पों का इस्तेमाल।

2019.20 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ;एनएफएचएसद्ध के पांचवें दौर के मुताबिक उस समय देश में कम से कम 19 प्रतिशत परिवार खुले में शौच कर रहे थे। बिहारए झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में तो यह संख्या 62ए 70 और 71 प्रतिशत तक थी।एक बार फिर सरकार के ओडीएफ के दावों को गलत बताया गया है। देखना होगा कि सरकार इस अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के नतीजों को चुनौती देती है या नहीं।

बाथरूम की कमी का सबसे ज्यादा प्रभाव देश में महिलाओं पर पड़ रहा है जिन्हें अपनी इस बुनियादी जरूरत के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि क्या बाथरूम का निर्माण देश में स्वच्छता और नारी के सम्मान से जुड़ा मुद्दा नहीं हैघ् और यदि है तो नीति निमार्ताओं का ध्यान उस ओर क्यों नहीं जाता।

आज भी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए इसकी सुविधा किसी लग्जरी से कम नहीं है। देखा जाए तो सालों से चलती आ रही प्रथाएंए पैसे की कमी और अन्य जरूरी मुद्दों ने इस जरूरत को उजागर ही नहीं होने दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक यह स्थिति सिएरा लियोन में कहीं ज्यादा बदतर है जहां केवल 7ण्7 फीसदी लोगों के घरों में बाथरूम की सुविधा उपलब्ध है। इसी तरह घाना में यह आंकड़ा 43ण्8 फीसदी है। वहीं यदि चीन की बात करें तो 88ण्4 फीसदी लोगों के घरों में स्नानघर की सुविधा उपलब्ध हैए जबकि स्पेन और ऑस्ट्रेलिया में यह आंकड़ा शत.प्रतिशत है।

यह सही है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में शौचालयों के मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है लेकिन साफ पानी और स्वच्छता से जुड़े ऐसे कई मुद्दे हैं जिनपर अभी काम किया जाना बाकी है ।यदि रिपोर्ट में जारी 2022 के आंकड़ों पर गौर करें तो देश में केवल 52 फीसदी आबादी ऐसी स्वच्छता सेवाओं का उपयोग कर रही है जिनका प्रबंधन सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है।

इसी तरह देश में करीब 76 फीसदी आबादी की बुनियादी स्वच्छता सेवाओं तक पहुंच है। वहीं 24 फीसदी आबादी अभी भी इससे दूर है। देखा जाए तो स्वच्छता का यह मुद्दा न केवल साफ.सफाई से जुड़ा है साथ ही यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता ।हालांकि आंकड़ों की मानें तो बुनियादी स्वच्छता के मुद्दे पर भारत ने 2015 के बाद से अच्छी खासी प्रगति की हैए 2015 से 2022 के बीच इसकी कवरेज में 21 पॉइंट का सुधार आया है ।आंकड़ों का उपलब्ध न होना भी इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए एक बड़ी समस्या है। यदि साफ और सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार भारत में इससे जुड़े पर्याप्त आंकड़े मौजूद नहीं है।

वहीं यदि भारत के जल जीवन मिशन द्वारा जारी मौजूदा आंकड़ों को देखें तो देश में 64।19 फीसदी ग्रामीण घरों तक नल जल की व्यवस्था हो चुकी है हालांकि अभी भी भारत में पानी भरने की जिम्मेवारी काफी हद तक महिलाओं और बच्चियों के कन्धों पर हैं जिसके लिए उन्हें काफी संघर्ष तक करना पड़ता है।

इस रिपोर्ट में न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में 2015 से 2022 के बीच पानी और स्वच्छता से जुड़े मुद्दों में आए सुधार की तस्वीर प्रस्तुत की गई है। आंकड़ों के अनुसार दुनिया में करीब 220 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके घर पर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल का प्रबंध नहीं है ।मतलब की दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति ऐसा है जिसके पास सुरक्षित पेयजल की कमी है। यह सही है कि 2000 से 2022 के बीच करीब 210 करोड़ लोगों के लिए इसकी व्यवस्था की गई है। लेकिन अभी भी 2030 के लिए जो लक्ष्य तय किए गए हैं वो काफी दूर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में पेयजल और स्वच्छता से जुड़े इस संकट का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं और बच्चियों को भुगतना पड़ रहा है। पता चला है कि घरों के लिए पानी लाने की जिम्मेवारी पुरुषों की तुलना में महिलाओं की कहीं ज्यादा है। इसी तरह लड़कों के मुकाबले इस जिम्मेवारी को निभाने वाली बच्चियों की संख्या करीब दोगुनी है। करीब 200 करोड़ लोगों के घरों में साफ पानी की व्यवस्था नहीं हैं। इनमें से 70 फीसदी घरों में पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी महिलाओं और बच्चियों की है।

इसी तरह करीब 340 करोड़ लोगों की सैनिटेशन तक पहुंच नहीं है। मतलब की 40 फीसदी आबादी अभी भी इससे वंचित है। 2022 के आंकड़ों को देखें तो दुनिया में करीब 57 फीसदी आबादी यानी 450 करोड़ लोग सुरक्षित सैनिटेशन सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं। वहीं आज भी दुनिया में करीब 200 करोड़ लोगों के घर पर हाथों को धोने के लिए साबुन.पानी की व्यवस्था नहीं है। वहीं 2022 में दुनिया की करीब 75 फीसदी आबादी के पास इसकी सुविधा मौजूद है।

नतीजन महिलाएं और लड़कियां आज भी घर के बाहर शौच के लिए जाने को मजबूर हैं। इसकी वजह से वो अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं। साथ ही इसका प्रतिकूल प्रभाव उन पर पड़ता है। करीब 50 करोड़ लोग सैनिटेशन सुविधाओं को दूसरे परिवारों के साथ साझा करते हैं।

22 देशों पर किए हालिया सर्वेक्षणों से पता चला है कि साझा शौचालय वाले घरों में महिलाएं और बच्चियां रात में इन सुविधाओं का उपयोग करने में असुरक्षित महसूस करती हैं। साथ ही उन्हें यौन उत्पीड़न और अन्य सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहींए स्वच्छता से जुड़ी सुविधाओं का अभाव उनके स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम को बढ़ा रहा है। इस बारे में डब्ल्यूएचओ के पर्यावरणए जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डॉक्टर मारिया नीरा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पानीए स्वच्छता और हाइजीन तक सीमित पहुंच के चलते हर साल 14 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

देखा जाए तो सतत विकास के छठे लक्ष्य के तहत 2030 तक सभी के लिए साफ और सुरक्षित पानी के साथ स्वच्छता का स्थाई प्रबंध करने का लक्ष्य तय किया गया था हालांकि अभी भी कई देश इन लक्ष्यों से काफी दूर हैं ।इतना ही नहींए देशों के बीच भी इन सेवाओं के मामले में भारी अंतर है। देखा जाए तो यह असमानता सतत विकास के लक्ष्यों के लिए एक बड़ी चुनौती है। उदाहरण के लिए यदि साफ पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों को देखें तो जहां यूरोप और उत्तरी अमेरिका में 94 फीसदी आबादी के पास इसकी पहुंच है वहीं उप.सहारा अफ्रीका में केवल 31 फीसदी आबादी के पास ही पीने का साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध है।

ऐसे में यदि कमजोर देशों को भी इनसे जुड़े सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करना है तो उन्हें साफ पानी की दिशा में हो रही प्रगति की रफ्तार को छह गुणाए स्वच्छता के मामले में 13 गुणा और हाइजीन के मुद्दे में होती प्रगति को 16 गुणा तेज करने की जरूरत है।

# महाजुगाड़ू

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ह्यउरतृप्तह्न, प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

थोक में पुरस्कार बाँटे जाने वाले कार्यक्रम में कई नामी-गिरामी साहित्यकारों ने भाग लिया। वे तय समय से पहले ही उनके लिए रात्रि वेला में विशेष रूप से आयोजित हालागोष्ठी में पहुँच गए। दरबार सजा। प्याले टकराने शुरू हो गए। पहला प्याला 'चिंतन' के नाम पर अपने गले के नीचे उतार दिया। चखना ऐसा खाते जैसे साहित्यकार साहित्यकार नहीं दार्शनिक हों। भला उसमें वे क्या दर्शन कर रहे थे, यह बताना बड़ा कठिन था। माथे पर बल देते हुए, भृकुटियाँ ऊपर नीचे करते हुए किसी गंभीर मुद्दे की ओर माहौल बना रहे थे।

'क्या बात है लटकुराम, मुँह लटकाए क्यों बैठे हो?' चिकन पकौड़ा चबाते हुए वरिष्ठ साहित्यकार झपकीराम ने पूछा।

'क्या बताऊँ झपकु। पिछली बार हमने तय किया था तुम मुझे पुरस्कार देना मैं तुम्हें। देखो झांसाराम ने झांसा देते हुए पलटी मार ली और अपना 'गिरगिट पुरस्कार' मुझे ने देकर खुजलाऊ लाल 'अच्छे से' को देने का निर्णय लिया है। मैंने पिछली बार उस बदमाश को इसी शर्त पर अपनी संस्था का पुरस्कार ह्यमैं तुझे तू मझेह्न दिया था कि वह इस बार मुझे सम्मानित करेगा।' लटकुराम माथा पीटते हुए कहा।

'सही कहते हो... उसने मेरे साथ भी यही किया। उसने मेरा सम्मान तो प्राप्त कर लिया लेकिन बदले में मुझे हाथ दे दिया। ऐसों का हमारी बिरादरी से बहिष्कार होना चाहिए। उसे 'साहित्यनिकाला' घोषित करना चाहिए। लिखने को तो हर कोई लिख लेता है, लेकिन सम्मान उसी को मिलता है, जो हमारी हाँ में हाँ मिलाता है। बिरादरी से बाहर रहकर लाख अच्छा लिखो वह कचरा ही होता है। कचरे को अच्छा और अच्छे को कचरा बताना तो हमारे लिए चुटकी भर का खेल है। झांसाराम ने हमारे नियमों का उल्लंघन किया है। उसे इसका दंड मिलना चाहिए।' झपकीराम ने भुजे हुए पिश्ता-बादाम के चार टुकड़े मुँह में धरते हुए कहा।

'गिरगिट-पुरस्कार की निर्णायक समिति में कौन लोग थे? उन्होंने बिरादरी का ध्यान क्यों नहीं रखा?' लटकुराम ने गुस्से में प्रश्न किया।

'गिरगिट पुरस्कार सरकारी है। वहाँ हमारे बिरादरी के निर्णायक हमेशा नहीं होते हैं। बिरादरी अपने मतलब के हिसाब से चलती है।' आप भी कमाल करते हैं झांसाराम जी। सम्मानों का निर्णय बिरादरी के हिसाब से नहीं, चाटुकारों के हिसाब से होता है। ...हमें बिरादरी पर पूरी ताकत से दबाव बनाना पड़ेगा। ...हमारे जैसे सम्मानभुक्खड़ों के होते कोई भी सम्मान बिरादरी के बाहर नहीं जाना चाहिए।' लटकुराम की आवाज में गंभीरता बढ़ने लगी।

देखिए इतना गरम होने से काम नहीं बनेगा। हमारे अंदर लाख अनबन हो लेकिन संबंध खनखन होने चाहिए। आज नहीं तो कल सम्मान मिल ही जाएगा। मेरा मानना है कि लेखक को कलम की साधना में ज्यादा समय बरबाद करने की अपेक्षा बिरादरी और परंपरा के प्रति समर्पित होना चाहिए। लेखन तो निमित्त मात्र होता है, जो पैसा खर्च कर दूसरों से भी करवाया जा सकता है। लेकिन पुरस्कार घर की दीवार पर लटकने वाला अपना मुखचिह्न होता है, जो लेखक को बड़ा नामधारी होने का-सा गौरव और आनंद प्रदान करता है। अगली पीढ़ी भले ही लिखे को लेखक के साथ फूँक दे, पर पुरस्कार समेटकर ले जाएगी। पुरस्कार इतिहास बनाते हैं और लेखन से चिता तैयार होती है। इसलिए जुगाड़ू बनिए। ऐसा वैसा नहीं महाजुगाड़ू। -झांसाराम ने एक पूरा प्याला गले के नीचे उतारते हुए कहा।

# गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक उन्नति के सुखद संकेत

**- ललित गर्ग-**

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देने के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। इससे पूर्व मं बनायी मोदी सरकार की योजनाओं के गरीबी उन्मूलन के चमत्कारी परिणाम आये हैं। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी।

विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता, मोदी सरकार की दूरगामी एवं गरीबी उन्मूलन की योजनाओं की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं।

बावजूद इसके यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

# डीएम ने समीक्षा में दिये निर्देशः मच्छर पनपे तो नपेंगे ईओ

## नगर पालिका-नगर पंचायतों व डूडा की हुई समीक्षा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका/नगर पंचायत एवं डूडा विभाग से हो रहे कार्यो की समीक्षा में अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क, नाला, नालियों के निर्माण कार्यों को तत्काल पूरा करायें। शासन की मंशानुसार निर्माण कार्य कराय। निर्देश दिए कि बारिश में माइक्रो प्लान बनाकर कीटनाशक दवाओं, एंटी लारवा आदि फागिंग मशीन से छिड़काव करायें।
गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कहीं पर जलभराव नहीं होना चाहिए। मच्छरों पर कंट्रोल रहे। डेंगू के कोई केस मिलने पर संबंधित अधिशासी अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मार्ग प्रकाश, कान्हा उपवन मऊ एवं राजापुर, अंत्येष्टि स्थल निर्माण, नगर सृजन, स्वच्छ भारत मिशन, जल निकासी आदि निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शासन को बनाकर भेजें। नगर पालिका परिषद कर्वी के ईओ से कहा कि परिक्रमा मार्ग में अन्ना पशु घूमते हैं, उन्हें गौशाला में बंद करायें। निजी गौवंश मालिकों को नोटिस दें। रानीपुरभट्ट तालाब में लाइटिंग करायें। ट्रैफिक चैराहा के सुंदरीकरण में तेजी लायें। बल्दाऊगंज में पेयजल को बोर के लिए एडीएम से कहा कि एसडीएम कर्वी व जल संस्थान की टीम से सर्वे कराकर ये कार्य करायें। मानिकपुर नगर पंचायत मे शिवनगर में बोरिंग घाटी में पंप हाउस जेसीबी खरीदने के कार्यों की समीक्षा की। लूप लाइन चैराहा के सुंदरीकरण प्रस्ताव बनाकर करायें। जिलाधिकारी ने डूडा के कार्यों की समीक्षा कर एएसडीएम/परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि टेंडर में जो कार्य मंजूर हुए हैं उन पर निर्माण कार्य शुरू करायें। प्रधानमंत्री आवास शहरी पीएम स्वनिधि योजना की भी समीक्षा की।बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, ईओ कर्वी लालजी यादव, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बालकृष्ण गौतम, मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सखी सेन्टर में दम्पति का विवाद सुलझा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला कल्याण विभाग से संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर चित्रकूट ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पत्ति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।
गुरुवार को शिकायतकर्ता ने बताया कि एक वर्ष पहले उसके बेटे का विवाह हुआ था। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक चल रहा था, लेकिन विवाह के कुछ दिनों बाद बहू हर बात पर विवाद करने लगी। बात-बात पर धमकी देती थी कि पिता से बोलकर सब को जेल भिजवा दूंगी। इससे बहु से परेशान होकर सखी वन स्टॉप सेंटर में शिकायत की।
सेन्टर की काउन्सलर अर्चना साहू और केश वर्कर रंजीता पाण्डेय ने शिकायत को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष को गढ़ीवा स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर बुलाया। दोनों पक्षों भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने तालमेल से रहने का वायदा किया। पारिवारिक दायित्यों को सही ढंग से निर्वहन करने की सलाह पर अमल करने की बात कही।

एआरटीओ प्रशासन नहीं होंगे कार्यमुक्त

## बांदा आरटीओ के आदेश पर मंडलायुक्त ने लगाई रोक, एआरटीओ प्रवर्तन के मंसूबों पर फिरा पानी, वसूली में रहते हैं मस्त

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार का शासन से तीस जून को महाराजगंज तबादला हुआ था। सात जुलाई को डीएम अभिषेक आनंद ने प्रमुख सचिव परिवहन व बांदा आरटीओ को भेजे पत्र में कहा कि धार्मिक स्थल में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को बिना प्रतिस्थानी नियुक्ति तक एआरटीओ प्रशासन को कार्यमुक्त न किया जाए। गुरुवार को डीएम ने बांदा आरटीओ से दूरभाष पर बात कर निर्देश दिए। बांदा आरटीओ ने डीएम से आदेश अनुपालन की बात की। इस बीच एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने एआरटीओ प्रशासन का कार्यभार ग्रहण करने को बांदा आरटीओ से बैकडेट पांच जुलाई को आदेश करा लिया, जबकि पांच जुलाई को बांदा आरटीओ संतदेव सिंह कार्यालय में नहीं थे। उन्होंने अपने आदेश में एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार को कार्यमुक्त कर दिया। ऐसे में एआरटीओ प्रवर्तन ने बगैर कार्यभार ग्रहण के बीते सोमवार को एआरटीओ प्रशासन की सीट पर बैठकर कार्यालय के कार्य निपटाने में लग गए। इस बीच एआरटीओ प्रशासन कार्यालय पहुंचे तो उन्हें अपमानित होकर लौटना पड़ा। इस पर एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार ने डीएम को पूरी बात बताई। डीएम ने बांदा आरटीओ समेत एआरटीओ प्रवर्तन को जमकर फटकार लगाई। डीएम ने इसकी जानकारी मंडलायुक्त को दी। मंडलायुक्त ने आदेश में एआरटीओ प्रशासन को प्रतिस्थानी नियुक्ति तक कार्यमुक्त करने पर रोक लगा दी। ऐसे में आरटीओ बांदा ने अपना आदेश वापस ले लिया। गुरुवार से एआरटीओ प्रशासन ने कार्यालय में कार्य शुरू कर दिया। एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला को भारी बेइज्जती महसूस हुई। एआरटीओ प्रवर्तन पहले भी वसूली दौरान ट्रक संचालकों से पिट चुके हैं। ओवरलोड वाहनों को रोकने की बजाय एआरटीओ प्रवर्तन पूरे दिन वसूली में मस्त रहते हैं।

## पांच हजार घरों का गन्दा पानी सीवर में जाएगा, मंदाकिनी नदी प्रदूषण को प्रभावी कदम, बुंदेली सेना ने सीएम के प्रति जताया आभार



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अगले साल तक मन्दाकिनी नदी में गिरने वाले पांच हजार घरों का गन्दा पानी अब सीवर के जरिए दूर फेंका जाएगा। मप्र क्षेत्र के चित्रकूट में 54 करोड़ की लागत से सीवर निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। अगले साल अक्टूबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। सीवर बनने से मंदाकिनी नदी प्रदूषण में बडी राहत मिलेगी।
गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मप्र के हिस्से वाले चित्रकूट में 65 किमी सीवर लाइन बिछाई जा रही है। शहरी क्षेत्र और मन्दाकिनी नदी किनारे सीवर लाइन बिछ जाने से लगभग पांच हजार घरों का गन्दा पानी जो नालों के जरिए मन्दाकिनी नदी में जाता था, उससे मुक्ति मिलेगी। नदी के प्रदूषण की रोकथाम में ये बड़ा कदम होगा। सीवर निर्माण की शुरूवाती लागत 28 करोड़ 35 लाख थी। उस समय घरों को जोड़ने की योजना इसमें शामिल नहीं थी। अब योजना का विस्तार करके 25 करोड़ 30 लाख का रिवाइज स्टीमेट जारी हुआ है। स्फटिक शिला से आरोग्यधाम तक नदी किनारे सीवर पाइप लाइन डाली जा चुकी है। अब नदी किनारे के आश्रमों की गंदगी सीवर में गिरेगी। बारिश के बाद आरोग्यधाम से भरत घाट तक नदी किनारे सीवर लाइन डाली जायेगी। भरत घाट में ही संपिंग पम्प लगेगा, जो गंदगी को केवटरा स्थित एसटीपी में फेंका जाएगा। योजना के सब इंजीनियर पारस श्रीवेन्द्र ने बताया कि अक्टूबर 24 तक योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य है। बारिश में पाइप लाइन डालने के काम में बाधा आ रही है। फिलहाल चेंबर बनाने और अन्य कामों को पूरा किया जा रहा है। बुंदेली सेना ने युद्ध स्तर पर सीवर कार्य कराने के लिए मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के प्रति आभार जताया है।

# होटल एसोसिएशन को अध्यक्ष ने दिया भरोसा

## तीर्थक्षेत्र में समस्याओं का होगा समाधान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उप्र के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में होटल एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता का सम्मान समारोह किया।
गुरुवार को होटल एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने चित्रकूट के समुचित विकास की चर्चा की। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि रामघाट में चलने वाले लेजर शो को वहां से हटाकर आगे लाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग देख सकें। लेजर शो का समय भी निश्चित किया जाए। एसोसिएशन के महामंत्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि रामघाट में नाव खड़ी करने की प्रॉपर व्यवस्था हो, क्योंकि पूरे घाट में नाव लाइन से लगा देने से श्रद्धालुओं को स्नान करने में दिक्कत होती है। रामघाट में कपड़े बदलने का स्थान और शौचालय की व्यवस्था की जाए। सफाई की व्यवस्था और अच्छे ढंग से हो। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर सभी नाव में कम से कम चार हवा वाले ट्यूब नाव के चारों कोनों में होने चाहिए। नावों में बच्चों से लेकर बूढ़े तक सफर करते हैं। किसी तरह के हादसे से बचने को यह जरूरी है। संगठन के लोगों ने बताया कि लाइट बहुत जाती हैं। रात में जनरेटर चलाने में टाइम लगता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को इनवर्टर लाइट की व्यवस्था रामघाट में हो जाए तो रोशनी बनी रहेगी और चोर उचक्के लाभ नहीं उठा पाएंगे। संगठन के लोगों ने सुझाव दिया कि नाव वालों से किराए को लेकर आए दिन श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से कहा-सुनी होती है। नाव में बैठने वाले प्रति यात्री रेट लिखवा दिया जाए और बोर्ड लगवा दिया जाए तो समस्या का निदान हो सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सभी बातों को ध्यान से सुनने के बाद सभी को भरोसा दिया कि जल्द जिले के जिलाधिकारी एवं संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

## कार व साइकिल सवार में टक्कर, दोनों की मौत

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही गांव झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग में गुरुवार को सवेरे साढे दस बजे सोरावं थाना क्षेत्र के सेवहटा गांव के दरोगा श्याम प्रकाश जो बांदा जिले के अतर्रा थाने की महुटा चैकी में तैनात थे। उनकी कार अतरौली गांव के रामशेखन की साइकिल से भिड गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई।
हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल दरोगा को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक रामशेखन माली का काम करता था।

## महिला उत्पीडन-गैंगेस्टर-पाक्सो में हो प्रभावी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि शासन से निर्देश हैं कि महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर, पास्को पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।
गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक में डीएम-एसपी ने अफसरों से कहा कि जनसुनवाई में विशेष ध्यान दें। अवैध टैक्सी-टैम्पो स्टैंड का संचालन किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने कहा कि अवैध शराब की भट्ठियों पर तत्काल कार्यवाही करें। स्कूल बसों का संचालन बिना परमीशन नहीं होना चाहिए। शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटायें। दूध, पनीर, खोया में मिलावट पर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कराने पर अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्रकार को थानाध्यक्ष ने दी धमकी, भरी मीटिंग में की बेईज्जती

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ थाने के खंडेहा गांव के पत्रकार राजेश प्रसाद शुक्ला पुत्र स्व वामन शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि मऊ थानाध्यक्ष ने संभ्रांत लोगों के समक्ष उन्हें अपमानित किया है। उन्होंने थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है।
गुरुवार को मऊ थाने के खंडेहा गांव के पत्रकार राजेश प्रसाद शुक्ला पुत्र स्व वामन शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि मऊ थानाध्यक्ष ने शान्ति समिति की बैठक में उसकी भूमि की बात उठाकर कहा कि खेतों की ओर देखोगे तो ठीक नहीं होगा। थानाध्यक्ष ने हाथ-पैर तोडवाकर जूतों से मारने की बात कही है। धमकी दी है कि पुलिस के अधिकार नहीं जानते। जेल में सडा दूंगा।
पीड़ित पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि उसके घर-परिवार व उसकी जानमाल की सुरक्षा की जाये। थानाध्यक्ष के मनगढंत आरोपों से बचाया जाये। पीडित ने कहा कि थानाध्यक्ष के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर अन्यत्र तबादला किया जाये।

# समान नागरिक संहिता जल्द की जाये लागू



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप की अगुवाई में राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा, राष्ट्रीय संरक्षक इं अनिमेष कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, राष्ट्रीय समन्वयक शुभम केसरवानी, राष्ट्रीय सचिव लवकुश प्रसाद, जिला प्रभारी चंद्र प्रकाश वर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने समान नागरिक संहिता के समर्थन में प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।
गुरुवार को ज्ञापन में कहा कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के खंड अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता बनाने का उल्लेख है। तुष्टिकरण की प्रवृत्ति से आज तक समान नागरिक संहिता लागू नहीं हो सकी। भारत के नागरिकों को भारी भेदभाव का सामना करना पड रहा है। समान नागरिक संहिता लागू होने पर सभी को बराबर अधिकार मिलेंगे। जब एक देश एक संविधान के तहत सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त हैं तो देश में जाति, धर्म एवं समुदाय के अनुसार कानून नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह निजी कानून एक राष्ट्र की अवधारणा को कमजोर करते हैं।
भारतीय संविधान में वर्णित नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत आने वाले अनुच्छेद 44 का क्रियान्वयन आज तक न होना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के समस्त राज्य क्षेत्र में नागरिकों को एक समान नागरिक संहिता देने का प्रयास किया जायेगा। राष्ट्रहित में समान नागरिक संहिता को त्वरित लागू करना आवश्यक है। प्रभास महासभा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में प्रधानमंत्री से यूनिफॉर्म सिविल कोड को जल्द लागू करने की मांग की है।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को होगा आंदोलनः रामप्रकाश



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष/एडवोकेट काउंसिल के प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने कहा कि प्रदेश स्तर में एक बड़े आंदोलन की जरूरत है। काफी समय से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग अधिवक्ता कर रहे हैं। शासन ने इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया।
गुरुवार को उन्होंने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग पूरी न होने से अधिवक्ता नाराज हैं। उन्होंने तंज कसा कि अधिवक्ता समाज से जो नेता बार काउंसिल का चुनाव लड़ते हैं, बड़ी-बड़ी बाते करते हैं। उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं व प्रदेश की अदालतों के अधिवक्ताओं से लोक लुभावन वायदे करते हुए वोट मांगते हैं, धरातल में कोई काम नहीं करते। ऐसे में शांतिपूर्ण ढंग से बड़े आंदोलन की जरूरत है। इसे संज्ञान में लेकर प्रदेश सरकार जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें। कई राज्यों में ये कानून लागू हो चुका है। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने बताया कि पूर्व में कई सरकारों ने केवल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के आश्वासन मिलते रहे है, लेकिन अधिवक्ताओं के हितों तथा मान-सम्मान को किसी ने ठोस कदम नहीं उठाया। भाजपा की सरकार से अधिवक्ता समाज को बहुत उम्मीद थी, जिसमे पानी फिरता नजर आ रहा है।

## दो दम्पतियों के विवाद को महिला थाना ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना ने दो दम्पतियों के विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।
गुरुवार को कोतवाली कर्वी के शोभा सिंह पुरवा की श्रीमती गोमती पत्नी कमलेश ने महिला थाने में दिये पत्र में कहा कि पति कमलेश ने घर से निकाल दिया है। कोतवाली कर्वी के जगदीशगंज नया बाजार की श्रीमती शोभा देवी पत्नी राम कुमार ने महिला थाने में दिये पत्र में कहा कि पति रामकुमार मारपीट करते हैं। थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतों को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्षों को थाने बुलाया। दोनों दम्पति जोड़ों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। दोनों दम्पतियों ने आपस में तालमेल से रहने का वायदा किया। पुलिस टीम ने समझाया कि भविष्य में कोई विवाद न करें। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, रीता यादव शामिल रही।

# लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में लायें तेजीः डीएम

## अभियान चलाकर करें जांच

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के निर्देश दिये।
गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें। डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को निर्देश दिए कि जीएसटी चोरी पर कार्यवाही नहीं हो रही। विभाग कोई कार्य नहीं कर रहा। सभी उप जिलाधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही करायें। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब पर लगातार चेकिंग करायें। कहीं पर अवैध शराब नहीं बिकनी चाहिए। एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करें, जो ट्रक ड्राइवर नशे में सड़क पर गाड़ियां चला रहे हैं, हादसे हो रहे हैं लोगों की जान जा रही हैं। ऐसे लोगों के लाइसेंस निरस्त करें।
जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा कर एडीएम से कहा कि माह में दायरा से अधिक मामलों के निस्तारण पर प्रगति न होने पर तहसीलदार राजापुर व सभी तहसीलों के नायब तहसीलदारों से जवाब-तलब करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत करायें। बैंक खनन अन्य विभागों की वसूली को बढ़ावा दें। तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। पुराने वादों का निस्तारण करायें। गांवसभा की जमीनों पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। प्रभावी कार्यवाही करें। धारा 67 के मामले उपजिलाधिकारी अपनी देखरेख में निस्तारित करायें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ चेकिंग करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्यवाही करें।
बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, सतीश चंद्र, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, डीईओ राजेंद्र कुमार, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार, प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## बीआरआई को लेकर चीन के साथ चर्चा जारी : एनपी सऊद

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने गुरुवार को कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन के मसले पर चीन के साथ बातचीत चल रही है। विदेश मंत्री सऊद ने नेपाल की नेशनल एसेंबली में कहा, 'दोनों देशों के बीच बीआरआई कार्यान्वयन योजना पर चर्चा जारी है।' चीन कहता रहा है कि नेपाल में बीआरआई लागू हो चुका है। नेपाल में चीन के राजदूत चान सोंग ने भी दावा किया कि बीआरआई लागू हो चुका है। हालांकि नेपाल ने इसे स्वीकार नहीं किया है। केपी शर्मा ओली जब प्रधानमंत्री थे तब नेपाल ने 2017 में चीन के साथ बीआरआई को लेकर समझौता किया था। हालांकि उसके बाद बनी सरकार सिर्फ बीआरआई के तहत मिलने वाला अनुदान स्वीकार करने का रुख अपनाती रही हैं।



## काठमांडू-तराई एक्सप्रेस-वे फास्ट ट्रैक के तीन प्रोजेक्ट के टेंडर निरस्त

**काठमांडू।** नेपाल में काठमांडू-तराई एक्सप्रेस-वे फास्ट ट्रैक के निर्माण से जुड़े तीन प्रोजेक्ट के ठेके के लिए जारी निविदा प्रक्रिया (टेंडर प्रोसेज) को निरस्त कर दिया गया है। इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण नेपाली सेना की देखरेख में हो रहा है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत की दो कंपनियों ने भी फार्म भरे थे। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी ने बताया कि इस एक्सप्रेस-वे से जुड़े तीन प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए अप्रैल में निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। अब इस निविदा प्रक्रिया को तकनीकी कारणों से निरस्त किया जा रहा है।काठमांडू-तराई एक्सप्रेस-वे 72.5 किलोमीटर लंबा है। इसको 11 अलग-अलग खंडों में बांटकर 11 प्रोजेक्ट के जरिए निर्माण कार्य 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा निविदा प्रक्रिया में भारत की जो दो कंपनियां भाग ले रही थीं उनमें एनएचआईडीसीएल और इरकॉन हैं। एक्सप्रेस-वे से जुड़ी अन्य सात परियोजनाओं के निर्माण का काम चीन की कंपनियों को मिला हुआ है। उनका काम विवादों में रहा है। चीन की निर्माण कंपनियां अभी सिर्फ 25 प्रतिशत निर्माण कार्य ही पूरा कर सकी हैं। काम समय से पूरा न होने के कारण प्रोजेक्ट की लागत बढ़ना भी तय माना जा रहा है।



## भारी पड़ रहा है समझदार लड़कियों के शादी न करने का मिथक, वहम दूर करने में जुटी जापानी सरकार

**टोक्यो।** जापान में विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) से जुड़े क्षेत्रों में लड़कियों की भारी कमी है। वजह यह वहम है कि स्टेम में काम करने वाली स्मार्ट लड़कियां शादी नहीं करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो स्टेम क्षेत्रों में काम करने वाली लड़कियों के लिए शादी और बच्चे कलंक की तरह होते हैं। इस कारण उनके कॅरियर में तरक्की रुक जाती है। यही वजह है कि ज्यादातर लड़कियां इस क्षेत्र से दूर रहती हैं। जो आती हैं वे शादी नहीं करती। इस वजह से परिवार लड़कियों पर दबाव बनाते हैं कि वे स्टेम से बाहर कॅरियर बनाएं। जापान के लिए यह दोहरी समस्या है। एक तरफ जापान में जन्मदर ऋणात्मक हो चुकी है। इससे उबरने के लिए सरकार युवाओं को शादी करने और ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## जकार्ता में रूसी विदेश मंत्री से मिले भारतीय विदेश मंत्री, यूक्रेन संकट पर भी हुई चर्चा

**खाद्य सुरक्षा एवं समुद्री डोमेन पर अधिक ध्यान देने पर रहा जोर**



**जकार्ता।** जकार्ता में आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक में म्यांमार की स्थितियों पर विशेष चर्चा हुई। खाद्य सुरक्षा एवं समुद्री डोमेन पर अधिक ध्यान देने पर जोर दिया गया। इस बैठक से इतर भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बातचीत की। इस दौरान यूक्रेन संकट पर भी चर्चा की गयी।


भारत के विदेश मंत्री जयशंकर इन दिनों इंडोनेशिया दौरे पर हैं। वे वहां जकार्ता में आयोजित आसियान देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक में हिस्सा लेने गए हैं। इस बैठक से इतर जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट कर जानकारी दी कि उनके और लावरोव के बीच द्विपक्षीय आर्थिक मुद्दों और यूक्रेन संकट से जुड़े मामलों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। भारत ने यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एक बार फिर जोर दिया। इससे पहले आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक गर्मजोशी भरी और सार्थक चर्चाओं के साथ हुई। भातीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने इस सत्र की अध्यक्षता की। इस दौरान आसियान देशों के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को लागू करने में हुई प्रगति पर चर्चा की गयी। वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल उन्नयन के साथ खाद्य सुरक्षा और समुद्री डोमेन पर अधिक ध्यान देने की बात कही गयी। विदेश मंत्रियों ने म्यांमार की स्थिति पर भी अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारतीय विदेश मंत्री ने जकार्ता में थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री डॉन प्रमुदविनई से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय चिंताओं और हमारे साझा कनेक्टिविटी हितों पर चर्चा की। इनकी अगली मुलाकात में होगी, जहां दोनों देश द्विपक्षीय रिश्तों की मजबूती पर चर्चा करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। जयशंकर ने बताया कि सिंगापुर के विदेश मंत्री के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। उन लोगों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हाल ही में हुई गतिविधियों का सकारात्मक मूल्यांकन किया। दोनों नेताओं ने सिंगापुर में प्रस्तावित मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक में रिश्तों की मजबूती के लिए बड़े फैसलों की उम्मीद जाहिर की।

## घातक दुर्घटना के बाद नेपाल ने हेलीकॉप्टरों की गैर-जरूरी उड़ानों पर लगाया प्रतिबंध, सितंबर तक रहेगा लागू

**काठमांडू।** नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने यह कदम मंगलवार को हुए घातक दुर्घटना के बाद उठाया है। पांच मैक्सिकन पर्यटकों और निजी मनांग एयर कंपनी द्वारा संचालित एक छोटे हेलीकॉप्टर के नेपाली पायलट की मौत हो गई थी। माउंट एवरेस्ट सहित हिमालय की चोटियों को देखकर लौटते समय उनका हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। नेपाल के विमानन नियामक ने एवरेस्ट क्षेत्र में एक घातक दुर्घटना के बाद दो महीने के लिए हेलीकॉप्टरों के ÷गैर-आवश्यक÷ उड़ानों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध दर्शनीय स्थलों की यात्रा पर भी लागू होगा। दरअसल, पूर्वी नेपाल में माउंट एवरेस्ट के पास एक निजी वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार मैक्सिको के एक परिवार के पांच सदस्यों और पायलट की मौत हो गई थी। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के प्रबंधक ज्ञानेंद्र भुल ने बताया कि मनांग एअर के हेलीकॉप्टर 9एन-एएमवी ने मंगलवार सुबह 10 बजकर चार मिनट पर सोलुखुंबु जिले के सुरकी हवाई अड्डे से काठमांडू के लिए उड़ान भरी थी और सुबह 10 बजकर 13 मिनट पर 12,000 फुट की ऊंचाई पर अचानक संपर्क टूट गया। हेलीकॉप्टर सुदूर पहाड़ी इलाके सोलुखुंबु जिले के लिखुपिके ग्रामीण नगरपालिका के लामजुरा इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टीआईए के प्रवक्ता टेकनाथ सितौला ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान दुर्घटनास्थल पर सभी छह लोगों के शव बरामद किए गए। ये लोग पर्वतीय क्षेत्र की हवाई यात्रा करने के बाद सुरकी से काठमांडू लौट रहे थे। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बुधवार देर रात एक ट्विटर पोस्ट में कहा, पर्वतीय उड़ानें, बाहरी भार संचालन (स्लिंग उड़ानें) और हेलीकॉप्टरों द्वारा फूलों की वर्षा जैसी गैर-जरूरी उड़ानें सितंबर तक प्रतिबंधित रहेंगी। नेपाल ने हुई दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है।

## पाकिस्तान में बलूचिस्तान के सैन्य ठिकाने पर आतंकी हमला, नौ सैनिकों सहित 12 की मौत



**क्वेटा।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत स्थित एक सैन्य ठिकाने पर आंतकी हमला हुआ है। हमले में नौ सैनिकों सहित 12 लोगों की मौत हुई है। सैनिकों के अलावा मारे गए तीन लोग हमलावर आतंकी बताए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के झोब स्थित सैन्य ठिकाने पर बुधवार सुबह सात बजे जोरदार हमला किया गया। बाद में इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने ली है। तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने एक बयान जारी करके झोब में हमले की जिम्मेदारी ली है। तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान के पांच आतंकियों ने जोरदार गोलीबारी कर झोब के सैन्य ठिकाने पर कब्जा करने की कोशिश की। बताया गया कि हमले में कुछ और आतंकी भी शामिल थे, किंतु पहले चरण में सामने तीन आतंकी ही आए। दोनों ओर से जोरदार गोलीबारी शुरू हुई। इस गोलीबारी में नौ पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। तीन हमलावर आंतकियों के भी मारे जाने की जानकारी सामने आई है। कम से कम 15 पाकिस्तानी सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने अपने बयान में कहा कि आतंकियों ने सुबह-सुबह हमला किया और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि यह सैन्य अभियान जारी है। अब तक तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि वह बलूचिस्तान में शांति के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी हमले को असफल किया जाएगा।

इस घटना के वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि दोनों तरफ से जोरदार हमले किए जा रहे हैं। तेज धमाके भी आसपास सुनाई दे रहे हैं। कुछ फोटोग्राफ भी सामने आए हैं, जिनमें गोलियों से छलनी दीवार दिख रही है।

## इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को घेरा, मंदिर तोड़ने व जबरन धर्म परिवर्तन के लगाए आरोप

**जेनेवा।** संयुक्त राष्ट्र में इजराइल ने पाकिस्तान को घेरते हुए मंदिर तोड़ने व जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप लगाए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की समीक्षा बैठक में इजराइल ने पाकिस्तान से समलैंगिकता पर लगाया गया प्रतिबंध हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर समलैंगिकता के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। इजरायल ने पाकिस्तान में बलूचों के गायब होने, हिंसा, शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। इस पर गुस्साई पाकिस्तान की सरकार ने इजराइल और भारत पर इमरान खान से मिले होने का आरोप लगाया। पाकिस्तान पर मानवाधिकारों की रिपोर्ट जिनेवा



में मानवाधिकार परिषद के 53वें सत्र में पेश की गयी। इस दौरान इजरायल ने पाकिस्तान पर चुन-चुनकर वार किया और उसकी पोल खोल कर रख दी। इजरायल ने कहा कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों की स्थिति बहुत चिंताजनक हो गई है। पाकिस्तान में लोगों का अपहरण किया जा रहा है और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया जा रहा है। इसे पाकिस्तान को बंद करना होगा। इजरायल का इशारा हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ हो रही हिंसा की ओर था। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में कई मंदिरों को तोड़ने की कोशिश की गई है। हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन तक कराया गया है। इजरायल के पाकिस्तान की पोल खोलने पर शहबाज सरकार बौखला गई है।पाकिस्तान की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने इसे राजनीति से प्रेरित बयान करार दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इजरायल की सलाह के बिना भी मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल का फिलिस्तीनी जनता के दमन का लंबा इतिहास रहा है। पाकिस्तान की जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने इजरायल के बयान की निंदा की और दावा किया कि भारत तथा इजरायल दोनों ही इमरान खान को समर्थन देते हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की लड़खड़ाई जुबान, नाटो सम्मेलन में जेलेंस्की को कहा 'व्लादिमीर'

**वाशिंगटन।** पियर्स मॉर्गन ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए जो बाइडन की गलती बताई। मॉर्गन के पोस्ट पर कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। एक ट्विटर यूजर ने इसे बिल्कुल अविश्वसनीय कहा, जबकि दूसरे ने जवाब दिया, इस बुजुर्ग व्यक्ति को अब आराम करना चाहिए। कुछ लोगों ने वोलोदिमीर और व्लादिमीर में समानता पर भी ध्यान दिया और बाइडन के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक मामूली गलती है। एक यूजर ने कमेंट किया, एक ही नाम, अलग-अलग स्पेलिंग। ध्यान देना। दरअसल, यूक्रेन के राष्ट्रपति का पूरा नाम वोलोदिमीर जेलेंस्की है और रूस के राष्ट्रपति का नाम व्लादिमीर पुतिन है। दोनों के शुरुआती नाम में हल्की सी असमानता है, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति ज्यादातर जेलेंस्की के नाम से ही संबोधित किए जाते हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान बाइडन ने द्विपक्षीय बैठक से पहले तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन से मुलाकात की और स्वीडन के संबंध में नाटो के साथ हुए समझौते पर उन्हें बधाई दी, जबकि फ्रांस और ब्रिटेन ने यूक्रेन की सेना को अधिक समर्थन देने की घोषणा की। बता दें कि बाइडन अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान पहले भी इस तरह की गलती कर चुके हैं। इससे पहले गलती से उन्होंने यूक्रेनियन को ईरानी कह दिया था। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या जिस सांसद की मृत्यु हो चुकी है, वह व्हाइट हाउस सम्मेलन के दौरान मौजूद थे, जब नाटो में उनके गलत उच्चारण वाले क्षण को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया था।

## उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, इस साल किया 12वां प्रक्षेपण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागकर दुनिया को चुनौती दी है। यह इस साल उत्तर कोरिया द्वारा किया गया 12वां प्रक्षेपण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने मिसाइल दागे जाने की पुष्टि की है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से पूर्वी सागर की ओर एक अनिर्दिष्ट बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया के पिछले प्रक्षेपण के बमुश्किल एक महीने बाद हुए इस प्रक्षेपण की इस प्रक्षेपण के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। जापानी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भी



जानकारी दी कि मिसाइल को उड़ान भरते देखा गया। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 15 जून को बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की थी। वैसे माना जा रहा है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी जासूसी विमान के अभियानों के खिलाफ उत्तर कोरिया के आरोपों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच प्योंगयांग ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया द्वारा अमेरिकी सैन्य गतिविधियों पर कड़ी शिकायत करने और अमेरिकी जासूसी विमानों पर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद हुआ है। प्योंगयांग ने अमेरिकी परमाणु ऊर्जा संचालित क्रूज मिसाइल पनडुब्बी की हाल ही में दक्षिण कोरिया की यात्रा की भी निंदा की थी। उत्तर कोरिया ने अमेरिका पर आठ बार अवैध रूप से उसके आर्थिक क्षेत्र में उड़ान भरने का आरोप लगाया है और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उत्तर कोरिया ने 2023 में अपनी पहली ठोस-ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया था और एक नए प्रक्षेपण वाहन पर अपने पहले जासूसी उपग्रह को लॉन्च करने का प्रयास किया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पेरिस: अप्रवासी भारतीयों में मोदी के स्वागत की होड़, सड़क किनारे जुटे बच्चे-बड़े और बुजुर्ग

**पेरिस।** फ्रांस दौरे पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत की होड़ सी दिखाई दे रही है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में भारतीय अप्रवासी अत्यधिक उत्साहित हैं। मोदी के स्वागत के लिए सड़क किनारे बच्चे-बड़े और बुजुर्ग पंक्तिबद्ध जुटे दिखाई दिये। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय फ्रांस दौरे के लिए गुरुवार को पेरिस पहुंचे। वे शुक्रवार को फ्रांस के वार्षिक उत्सव बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय प्रधानमंत्री के पेरिस पहुंचने पर फ्रांस में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों में जबर्दस्त उल्लास उत्साह दिखा। मोदी के स्वागत के लिए पेरिस की सड़कों पर अप्रवासी भारतीय पंक्तिबद्ध खड़े दिखे। उनके हाथ में तिरंगे झंडे थे और मोदी-मोदी की गगनभेदी आवाजें सुनाई दे रही थीं। मोदी ने भी किसी को निराश नहीं किया। उन्होंने बच्चों को दुलराया और युवाओं को साथ में सेल्फी खींचने का मौका दिया। मोदी ने हाथ जोड़कर बुजुर्गों का अभिवादन किया। बाद में भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि पेरिस में भारतीय प्रवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दुनिया भर में, हमारे प्रवासी भारतीयों ने अपनी पहचान बनाई है और उनकी परिश्रम और मेहनती प्रकृति की प्रशंसा की जाती है। इससे पहले पेरिस पहुंचते ही भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर इस यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई थी।

## जोरदार बारिश ने पाकिस्तान में ताजा कर दी हैं पिछले साल की डरावनी यादें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से हो रही जोरदार बारिश ने लोगों के मन में पिछले साल की डरावनी यादें ताजा कर दी हैं। पिछले साल ऐसी बारिश के कारण आई बाढ़ से जो नुकसान हुआ, उसकी मरम्मत और भरपाई आज तक नहीं की जा सकी है।

पिछले साल बाढ़ और जल जमाव से प्रभावित हुए कई इलाकों में इस बार भी हाल में तेज बारिश हुई है। कई जगहों पर बादल फटने की घटनाएं भी हुई हैं। पाकिस्तान के नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मुताबिक जून के आखिरी हफ्ते से लेकर अब तक मानसून के कहर से 80 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है, जबकि 140 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं।



कई इलाकों में लोग जल जमाव के कारण घिरे हुए हैं। अथॉरिटी के मुताबिक दस लाख से ज्यादा लोगों पर तेज बारिश का खराब असर पड़ चुका है।

लाहौर स्थित पर्यावरणवादी वकील अहमद रफे आलम ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'मानसून सीजन अभी शुरू ही हुआ है। असली विनाश तो अभी बाकी है।' पिछले दिनों लाहौर में तेज बारिश का रिकॉर्ड बना। पाकिस्तान सरकार ने भी स्वीकार किया है कि हालात गंभीर हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन मामलों की मंत्री शेरी रहमान ने कहा है- 'शहरों और नगरपालिका इलाकों में पानी भरने संबंधी चेतावनी जारी कर दी गई है। जमीन धंसने का भी खतरा है। सावधानी और पूर्व कार्रवाई से जाने बचाई जा सकती हैं, इसलिए राहत टीमों को सतर्क रहना चाहिए।'

पाकिस्तान पहले से ही गंभीर आर्थिक और राजनीतिक संकट में फंसा हुआ है। इस बीच उस पर कुदरत की भी मार पड़ रही है। पिछले साल आई बाढ़ में 1,700 से अधिक लोगों की जान गई थी, जबकि लाखों मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। लाखों पशु मर गए थे। इस आपदा में 30 बिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया था। बाद में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ने कहा था कि यह आपदा जलवायु परिवर्तन के कारण आई।

अब उन दिनों को याद कर लोग डरे हुए हैं। गैर-सरकारी संस्था वॉटर एनवायरनमेंट फोरम के सदस्य अली तौकीर शेख ने ध्यान दिलाया है कि इस बार जून एतिहासिक रूप से पूरी दुनिया में सबसे गर्म महीना रहा। उन्होंने कहा- 'पाकिस्तान के अलावा चीन और भारत में भी इस मौसम का खराब असर देखने को मिला है।' पाकिस्तान के बाढ़ अनुमान विभाग ने भविष्यवाणी की है कि आने वाले दिनों में रावी नदी की बाढ़ का पानी लाहौर शहर में घुस सकता है। तौकीर शेख ने कहा- 'रावी नदी में लंबे समय से बाढ़ नहीं आई है। इसका तट सूख गया है, जिस पर हाउजिंग सोसाटीज ने कब्जा कर लिया है। वहां गैर कानूनी निर्माण कर लिए गए हैं। अगर रावी नदी में बाढ़ आई, तो उन इलाकों में बड़ी तबाही हो सकती है।'

लोगों का अंदेशा यह है कि इस बार की बाढ़ अधिक भयावह हो सकती है, क्योंकि पिछले साल बाढ़ रोकने वाले निर्माण टूट गए थे, इसलिए इस बार पानी को निर्बाध रास्ता मिलेगा।